H-3 SC	Households belonging to Scheduled Castes bytenure status, size and number of rooms occupied.
H-3 ST	Households belonging to Scheduled Tribes by tenure status, size and number of rooms occupied.
H-4	Households and distribution of 1000 population by availability of electricity and toilet facilities and tenure status of house occupied.
H-4 SC	Households and distribution of 1000 population of Scheduled Castes by availability of electricity and toilet facilities and tenure status of house occupied.
H-4 ST	Households and distribution of 1000 population of Scheduled Tribes by availability of electricity and toilet facilities and tenure status of house occupied.
H-5	Households classified by source of drinking water, availability of electricity and toilet facilities.
H-5 SC	Households belonging to Scheduled Castes classified by source of drinking water, availability of electricity and toilet facilities.
H-5 ST	Households belonging to Scheduled Tribes classified by source of drinking water, availability of electricity and toilet facilities.
H-6	Households by type of fuel used for cooking.
H-6 SC	Households belonging to Scheduled Castes by type of fuel used for cooking.
H-6 ST	Households belonging to Scheduled Tribes by type of fuel used for cooking.

These tables are being presented in this volume. Three out of the six tables would be presented at district and city levels. The remaining three tables viz. H-4, H-5 and H-6 are being presented at district, tahsil and town levels. Table H-4 gives data on households by availability of electricity and toilet facilities and tenure status of the house occupied. Table H-5 gives data on households by source of drinking water, availability of electricilty and toilet facilities and Table H-6 gives data on households by type of fuel used for cooking.

The SC/ST tables relating to H-series of 1991 Census are also being published in this volume. For each state and union territory, separate volumes containing the above tables are proposed to be published. There will be one All India Publication which gives the data for states and union territories. State level publication would give the data for districts, cities and lower levels.

A note explaining the main features is given before each table.

A specimen of the Houselist is given as Appendix I to this note. A few terms frequently used in the various tables are explained in Appendix II. Appendix III gives the instructions to enumerators for filling up the houselist.

विश्लेषणात्मक टिप्पणी

ANALYTICAL NOTE

ज-I जनगणना मकान और उनका उपयोग

यह सारणी जनगणना मकानों की कुल संख्या, खाली मकानों और अधिकृत जनगणना मकानों का उनके उपयोग के अनुसार वितरण दर्शाती है। जनगणना मकानों के विभिन्न आवासीय और गैर-आवासीय उपयोग इस प्रकार वर्गीकृत किये गए हैं : निवास; दुकान-सह-निवास; कार्यशाला/कारखाना-सह-निवास; परिवारिक उद्योग सहित; दूसरे उपयोगों से जुड़े हुए निवास; होटल, सरायें, धर्मशालाएं पर्यटक गृह और निरीक्षण भवन; दुकानें भोजनालयों को छोड़ कर; व्यावसायिक भवन और कार्यालय; कारखानें, कार्यशालाएं और वर्कशैड; रेस्तरां, मिष्ठान दुकानें और भोजन स्थल; मनोरंजन और सामुदायिक सभा-स्थल (पंचायत घर), पूजा स्थलों के सिवाय; पूजा स्थल (उदाहरण के लिए मन्दिर, गिरजाघर, मस्जिद, गुरद्वारा इत्यादि) और अन्य गैर-आवासीय मकान। राज्य, जिला और शहरी स्तर पर, योग, ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों के लिए आंकड़े अलग से प्रस्तुत किए जा रहे हैं। यह सारणी देश में आवास उपलब्धता और इस के उपयोग को दर्शाती है और 1981 जनगणना की सारणी ज-1 के अनुरूप है।

यह सारणी मकानसूची अनुसूची के कालम संख्या 3 और 7 में दर्ज किए गए उत्तरों के आधार पर तैयार की गई है।

मुख्य मकान सारणी-ज-1 के आंकड़े प्रकट करते हैं कि 1990 के मकानसूचीकरण कार्य के समय राज्य में 1,975,936 जनगणना मकान थे, जिनमें से ग्रामीण क्षेत्रों में 1,800,384 और नगरीय क्षेत्रों में 175,552 दर्ज किए गए थे। 1981–91 के दशक के दौरान सम्पूर्ण राज्य में मकानों की संख्या में वृद्धि दर 25.20 प्रतिशत के क्रम में अभिलिखित की गई। जब कि उनके ग्रामीण और नगरीय अनुपात क्रमशः 23.62 और 44.02 प्रतिशत तक बढ़े हैं। तथापि यहां ग्रामीण क्षेत्रों में 1990 मकानसूचीकरण कार्य के समय जनगणना मकानों में 1.16 प्रतिशत की सीमा तक थोड़ी-सी कमी देखने में आई है जबकि दूसरी तरफ नगरीय क्षेत्रों में, 1980 की 7.72 प्रतिशत वृद्धि के मुकाबले 1990 में 8.88 प्रतिशत की उल्लेखनीय बढ़ौतरी रिकार्ड की गई। इसका कारण ग्रामीण जनसंख्या का नौकरी के अवसरों की खोज में नगरीय क्षेत्रों की ओर लगातार आना हो सकता है और इस प्रकार नगरीय आवासों में बढ़ौतरी की प्रवृत्ति बढ़ रही है। यह रूचिकर है कि जनगणना मकानों का ग्रामीण में 91.12 प्रतिशत और नगरीय क्षेत्रों में 8.88 प्रतिशत होना, जनसंख्या का ग्रामीण क्षेत्रों में 91.31 प्रतिशत होना और नगरीय क्षेत्रों में 8.69 प्रतिशत की तुलना में होना आपस में निकट ताल-मेल रखता है।

नीचे दी हुई निविष्ट सारणी 1.1 राज्य और इस के जिलों के लिए जनगणना मकानों, जनसंख्या, क्षेत्रफल तथा प्रतिवर्ग किलोमीटर जनगणना मकानों की संख्या और प्रति हजार जनसंख्या पर जनगणना मकानों की संख्या बतलाती है :

सारणी 1.1

जिलावार क्षेत्रफल, जनसंख्या और जनगणना मकान

राज्य/जिला	जनगणना मकान	जनसंख्या 1991 जनगणना			क्षेत्रफल (प्रति वर्ग कि० मि० में) 1991 जनगणना	प्रति वर्ग कि० मी० जनगणना मकान	जनगणना मकान प्रति 1000 व्यक्ति
		योग	ग्रामीण	नगरीय			
1	2	3	4	5	6	7	8
हिमाचल प्रदेश	1,975,936	51,70,877	4,721,681	449,196	55,673	35	382
चम्बा	145,344	393,286	363,397	29,889	6,528	22	370
कांगड़ा	397,728	1,174,072	1,114,723	59,349	5,739	69	389
हमीरपुर	1,44,408	369,128	346,442	22,686	1,118	129	391
ऊना	129,538	378,269	345,997	32,272	1,540	84	342
बिलासपुर	111,107	295,387	278,652	16,735	1,167	95	376
मंडी	313,362	776,372	720,603	55,769	3,950	79	404
कुल्लू	123,455	302,432	281,421	21,011	5,503	22	408
लाहुल और स्पिती	14,521	31,294	31,294	..	13,835	1	464
शिमला	266,871	617,404	491,272	126,132	5,131	52	432
सोलन	139,261	382,268	334,989	47,279	1,936	72	364
सिरमौर	150,990	379,695	341,621	38,074	2,825	53	398
किन्नौर	39,351	71,270	71,270	..	6,401	6	552

TABLE H-1

CENSUS HOUSES AND THE USES TO WHICH THEY ARE PUT

This table gives the total number of census houses, the vacant houses and the distribution of occupied census houses by their use. The various residential and non-residential uses of census houses are grouped as residence; shop-cum-residence; workshop/factory-cum-residence, including household industry; residences in combination of other uses; hotels, sarais, dharamshalas, tourist homes and inspection houses; shops, excluding eating houses; business houses and offices; factories, workshops and worksheds; restaurants, sweetmeat shops and eating places; places of entertainment and community gathering (panchayat ghar) excluding places of worship (e.g., temple, church, mosque, gurudwara, etc.) and other non-residential houses. The data are presented separately for total, rural and urban areas at state, district and city levels. This table gives the housing stock in the country and its uses and corresponds to Table H-1 of the 1981 Census.

This table has been prepared on the basis of the answers recorded in columns 3 and 7 of the houselist schedule.

The data in the main Housing Table H-1 reveal that at the time of 1990 houselisting operations, there were 1,975,936 census houses in the state, of which 1,800,384 were recorded in rural areas and 175,552 in urban areas. The growth rate in the number of houses during the decade 1981-91 has been recorded of the order of 25.20 percent houses in the State as a whole while their rural and urban proportions have increased by 23.62 percent and 44.02 percent, respectively. There is, however, a slight decrease to the extent of 1.16 percent discernible in the growth of census houses recorded at the 1990 houselisting operations in rural areas while on the other hand, noticeable increase from 7.72 percent in 1980 to 8.88 in 1990 in urban areas is observed. This could be attributed to the constant movement of rural population to urban areas in search of employment avenues, and thus enabling increasing trend in the growth of urban dwellings. Interestingly, the distribution of census houses in rural (91.12 percent) and urban areas (8.88 percent) is comparatively in close consonance with the population break-up in rural (91.31 per cent) and urban (8.69 percent) areas, respectively.

The inset Table 1.1 given below indicates information relating to census houses, population, area and number of census houses per sq. km and number of census houses per 1000 population for the State and its districts :

TABLE 1.1

Districtwise area, population and census houses

State/District	Census houses	Population 1991 Census			Area in 1991 Census	Census houses per sq. km.	Census houses per 1,000 persons
		Total	Rural	Urban			
1	2	3	4	5	6	7	8
HIMACHAL PRADESH . . .	**1,975,936**	**5,170,877**	**4,721,681**	**449,196**	**55,673**	**35**	**382**
Chamba	145,344	393,286	363,397	29,889	6,528	22	370
Kangra	397,728	1,174,072	1,114,723	59,349	5,739	69	339
Hamirpur	144,408	369,128	346,442	22,686	1,118	129	391
Una	129,538	378,269	345,997	32,272	1,540	84	342
Bilaspur	111,107	295,387	278,652	16,735	1,167	95	376
Mandi	313,362	776,372	720,603	55,769	3,950	79	404
Kullu	123,455	302,432	281,421	21,011	5,503	22	408
Lahul & Spiti	14,521	31,294	31,294	..	13,835	1	464
Shimla	266,871	617,404	491,272	126,132	5,131	52	432
Solan	139,261	382,268	334,989	47,279	1,936	72	364
Sirmaur	150,990	379,695	341,621	38,074	2,825	53	398
Kinnaur	39,351	71,270	71,270	..	6,401	6	552

भारत के महासर्वेक्षक द्वारा प्रदाय किया हुआ राज्य का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 55,673 वर्ग किलोमीटर है जो कि 1981–91 के दशक में अपरिवर्तित रहा । जनगणना मकानों का उच्चतम घनत्व हमीरपुर (129) से आया है जो कि बिलासपुर (95) और ऊना (84) जिलों से अनुसरित है। यह महत्वपूर्ण है कि लाहुल और स्पिती जिले ने जनगणना मकानों का घनत्व 1 अभिलिखित किया है जो कि राज्य के समस्त जिलों के घनत्व से बहुत ही नीचे है। यह जिला अपने भौगोलिक क्षेत्रफल (13,835 वर्ग कि० मी०) के सम्बन्ध में विरल रूप में बसा हुआ है, जो कि राज्य के समस्त जिलों में उच्चतम है। तथापि 1980–90 दशक के दौरान अभिलिखित प्रति वर्ग कि० मी० मकानों के घनत्व के अनुसार जिलों के दर्जे में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

पूरे प्रदेश में 1980–90 के दौरान प्रति हजार व्यक्ति मकानों की उपलब्धता 369 से बढ़ कर 382 हो गई है । जिलेवार वितरण दर्शाता है कि हमीरपुर (391), मंडी (404), कुल्लू (408), लाहुल और स्पिती (464), शिमला (432), सिरमौर (398) और किन्नौर (552) ने जनगणना मकानों का अनुपात राज्य औसत से अधिक प्रत्यावर्तित किया है।

The total geographical area of the State is 55,673 sq. kms as supplied by the Surveyor General of India which has not undergone any change during the decade 1981-91. The highest concentration of census houses has been reported from Hamirpur (129) followed by Bilaspur (95) and Una (84) districts. Significantly, Lahul and Spiti district has recorded 1 as the density of census houses which is by far the lowest among all the districts of the State. This district is sparsely populated in relation to its geographical area (13,835 sq. kms) which is the highest among all the districts of the State. There has been, however, no change in the ranking of districts in so far as the density of houses per sq. km recorded during the decade 1980-90.

In the State as a whole, the availability of census houses per 1,000 persons has gone up from 369 to 382 during 1980-90. The districtwise distribution reveals that Hamirpur (391), Mandi (404), Kullu (408), Lahul & Spiti (464), Shimla (432), Sirmaur (398) and Kinnaur (552) have returned proportion of census houses much above the State average.

निम्न सारणी 1.2, 1000 जनगणना मकानों का उनके उपयोग के अनुसार वितरण दर्शाती है।

सारणी 1.2

जनगणना मकान और उनका 1000 जनगणना मकानों के साथ उपयोग के अनुसार अनुपात

उपयोग का प्रकार	जनगणना मकान			उपयोग के अनुसार प्रति 1000 वितरण			ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में प्रति 1000 वितरण	
	योग	ग्रामीण	नगरीय	योग	ग्रामीण	नगरीय	ग्रामीण	नगरीय
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1. खाली	191,011	170,496	20,515	97	95	117	893	107
2. निवास	937,196	830,856	106,340	474	461	606	887	113
3. दुकान सह-निवास	10,058	8,535	1,523	5	5	9	849	151
4. कार्यशाला/कारखाना-सह-निवास पारिवारिक उद्योग सहित	10,616	10,017	599	5	5	3	944	56
5. अन्य उपयोगों से जुड़े हुए निवास	17,646	16,738	908	9	9	5	949	51
6. होटल, सरायें, धर्मशालाएं, पर्यटक गृह और निरीक्षण भवन	4,449	3,389	1,060	2	2	6	762	238
7. दुकानें, भोजनालयों के सिवाय	42,195	28,172	14,023	21	16	80	668	332
8. व्यावसायिक भवन और कार्यालय	13,104	8,690	4,414	7	5	25	663	337
9. कारखानें, कार्यशालाएं और वर्कशैड	50,447	43,230	7,217	26	24	41	857	143
10. रेस्तरां, मिष्ठान दुकानें और भोजन स्थल	9,811	7,004	2,807	5	4	16	714	286
11. मनोरंजन और सामुदायिक सभा स्थल (पंचायत घर) पूजा स्थलों के सिवाय	3,562	3,297	265	2	2	2	926	74
12. पूजा स्थल (उदाहरणार्थ मन्दिर, गिरजाघर, मस्जिद, गुरद्वारा इत्यादि)	17,048	16,087	961	9	9	5	944	56
13. अन्य गैर आवासीय मकान	668,793	653,873	14,920	338	363	85	978	22

मकान के उपयोग तथा उनकी निर्माण सामग्री, वातावरण, मौसमी परिवर्तन, मौसमी रूझान, क्षेत्र की आर्थिक स्थिति और राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों की जीवन शैली के साथ स्पष्टतया जुड़ी होती है। 1991 जनगणना के अनुसार अधिकांश जनसंख्या (91.31 प्रतिशत) ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और काम करने वालों में, कृषि क्षेत्र, जो कि 72.06 प्रतिशत है, राज्य के ग्रामीण क्षेत्र में निवास करता है। तथापि समय के साथ-साथ और विभिन्न विकास योजनाओं के कार्यान्वयन से ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठान, उद्योग और संस्थाएं सामने आई हैं। जनगणना मकानों के उपयोग सम्बन्धी आंकड़े किसी विशिष्ट क्षेत्र में रहने वाले लोगों क सामाजिक सांस्कृतिक और आर्थिक जीवन को परावर्तित करते हैं। प्रत्येक उपयोग का ब्यौरा सारणी 1.2 में दर्शाया गया है।

सम्बद्ध सारणी के आंकड़े प्रकट करते हैं कि 97 प्रति हजार की सीमा तक जनगणना मकान "खाली" श्रेणी/वर्ग के अन्तर्गत आते हैं और उनका ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में आनुपातिक वितरण क्रमशः 95 और 117 है। 1980 मकानसूचीकरण कार्य के समय राज्य के लिए सदृश अनुपात 52 ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 50 और नगरीय क्षेत्रों के लिए 90 था। ध्यान देने योग्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में 1,000 खाली जनगणना मकानों में खाली मकानों की अधिकता (893), नगरीय क्षेत्रों (107) की तुलना में बहुत अधिक है।

राज्य में केवल निवास के लिए उपयोग किए जाने वाले जनगणना मकानों की संख्या प्रत्येक हजार जनगणना मकानों के लिए 474 रही जबकि इनका अनुपात ग्रामीण क्षेत्रों में 461 और नगरीय क्षेत्रों में 606 था। जनगणना मकानों का केवल निवास के रूप में उपयोग का अनुपात 1981 जनगणना की तुलना में कम हुआ है, जो कि ग्रामीण क्षेत्रों में 490 और नगरीय क्षेत्रों में 635 के क्रम में था। तथापि राज्य और नगरीय क्षेत्रों में दुकान-सह-निवास के रूप में उपयोग होने वाले जनगणना मकानों का अनुपात वही नामतः 5 और 9 रहा। वास्तव में ग्रामीण क्षेत्रों के मामले में यह अनुपात 1981 जनगणना के 4 से बढ़ कर 1991 जनगणना में 5 हो गया है। इसके अतिरिक्त जनगणना मकानों, जिनका उपयोग निवास-सह-कार्यशाला/कारखाना, पारिवारिक उद्योग सहित, के रूप में किया जाता है का वितरण प्रकट करता है कि इस प्रकार राज्य के साथ-साथ उस के ग्रामीण क्षेत्रों में 5 जनगणना मकानों का उपयोग किया जाता है। दूसरी ओर प्रति हजार के पीछे केवल 3 जनगणना मकान हैं जिन का उपयोग राज्य के नगरीय क्षेत्रों में सह-कार्यशाला के रूप में किया जाता है।

Table 1.2 below gives the distribution of 1,000 census houses according to their uses.

TABLE 1.2

Census houses and their proportion to 1,000 census houses according to use

Type of use	Census houses			Per thousand distribution according to use			Per thousand distribution in rural and urban areas	
	Total	Rural	Urban	Total	Rural	Urban	Rural	Urban
1	2	3	4	5	6	7	8	9
Vacant	191,011	170,496	20,515	97	95	117	893	107
Residence	937,196	830,856	106,340	474	461	606	887	113
Shop-cum-residence	10,058	8,535	1,523	5	5	9	849	151
Workshop/Factory-cum-residence including household industry	10,616	10,017	599	5	5	3	944	56
Residences in combination with other uses	17,646	16,738	908	9	9	5	949	51
Hotels, sarais, dharamshalas, tourist homes and inspection houses	4,449	3,389	1,060	2	2	6	762	238
Shops excluding eating houses	42,195	28,172	14,023	21	16	80	668	332
Business houses and offices	13,104	8,690	4,414	7	5	25	663	337
Factories, workshops and worksheds	50,447	43,230	7,217	26	24	41	857	143
Restaurants, sweatmeat shops and eating places	9,811	7,004	2,807	5	4	16	714	286
Places of entertainment and community gathering (Panchayat Ghars) excluding places of worship	3,562	3,297	265	2	2	2	926	74
Places of worship (e.g. temple, church, mosque, gurudwara etc.)	17,048	16,087	961	9	9	5	944	56
Other non-residential houses	668,793	653,873	14,920	338	363	85	978	22

The use as well as the construction material of a house is obviously linked with the environment, seasonal changes, vagaries of weather as also economic condition of an area and the life-style of its people obtaining in the different regions of the State. According to 1991 Census majority of population (91.31 percent) live in rural areas and among workers, agricultural sector accounting for 72.06 percent, inhabit the rural sector of the State. However, with the advent of time and implementation of various development schemes, various business establishments, industries and institutions have come up in rural and urban areas. The data relating to the type of use of census houses reflects the social, cultural and economic life of the people living in a particular area. The details about each use is given above :

The data in the subjoined table reveals that census houses to the extent of 97 per thousand fall under **'vacant'** category and their proportional distribution in rural and urban areas stands at 95 and 117, respectively. The corresponding proportions stood at 52 for the State, 50 for rural and 90 for urban areas at the 1980 houselisting operations. Noticeably, among 1,000 vacant census houses the preponderance in rural areas is higher (893) as compared to urban areas (107).

The number of census houses used exclusively as residence in the State stood at 474 for every 1000 census houses. Whereas their proportions were 461 in rural and 606 in urban areas, the proportion of residential use of census houses has declined when compared with the 1981 Census which was of the order of 490 in rural and 635 in urban areas. However, the proportion of census houses, in the State and urban areas used as shop-cum-residence remained the same viz., 5 and 9, respectively. In fact, in case of rural areas, this proportion has increased from 4 in 1981 Census to 5 in 1991 Census.

निम्न सम्बद्ध सारणी भी जनगणना मकानों जिनका उपयोग होटलों, सरायों, धर्मशालाओं, पर्यटक गृहों और निरीक्षण भवनों के रूप में किया जाता है, का वितरण प्रदान करती है और उन में राज्य में केवल 2 जनगणना मकान हैं जिन का उपयोग 1981 के दौरान होटल आदि के रूप में किया जाता था तथा जिन्होंने 1990 के मकानसूचीकरण कार्य के दौरान कोई स्पष्ट परिवर्तन नहीं दिखाया। तथापि नगरीय क्षेत्रों में यह अनुपात 1981 के 7 से घट कर 1991 जनगणना के समय 6 हो गया। ग्रामीण नगरीय वियोजन प्रकट करता है कि ऐसे 762 मकान ग्रामीण क्षेत्रों में और केवल 238 मकान नगरीय क्षेत्रों में हैं।

1981–1991 दशक के दौरान जनगणना मकानों जिनका उपयोग भोजनालयों को छोड़ कर दुकानों के रूप में किया गया के अनुपात में स्पष्ट रूप से वृद्धि हुई है। प्रति हजार जनगणना मकानों के लिए राज्य में उनका अनुपात 15 से बढ़ कर 21, ग्रामीण क्षेत्रों में 10 से बढ़ कर 16 और नगरीय क्षेत्रों में 71 से बढ़ कर 80 हो गया है। इस बढ़ोतरी का श्रेय व्यावसायिक कार्यकलापों की अत्याधिक वृद्धि को जाता है क्योंकि सरकारी सेवाओं में नौकरियों खासतौर पर सिविल सेवा में प्रायः नगण्य के समान ही रह गए हैं।

प्रत्येक हजार जनगणना मकानों में से केवल 7 व्यावसायिक भवनों और कार्यालयों के रूप में उपयोग में लाए जा रहे हैं। उनका ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में अनुपात क्रमशः 5 और 25 है। जनगणना मकानों जिनका उपयोग कारखानों, कार्यशालाओं और वर्कशैडों के रूप में होता है का सदृश अनुपात ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में क्रमशः 24 और 41 है जब कि पूर्ण राज्य के लिए ये आंकड़े 26 हैं। 1981 जनगणना में राज्य के लिए ये आंकड़े 26 थे जो कि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 25 थे और नगरीय क्षेत्रों के लिए 34 थे।

जनगणना मकानों जिन का उपयोग रेस्तराओं, मिष्ठान दुकानों और भोजन स्थलों के रूप में होता है, के मामले में राज्य और इसके ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में अनुपात, 1980 जनगणना मकानसूचीकरण कार्य के दौरान क्रमशः 3, 2 और 10 की तुलना में क्रमशः 5, 4 और 16 हैं।

जनगणना मकानों, जिनका उपयोग मनोरंजन और सामुदायिक एकठ जैसे कार्यों के लिए किया गया का अनुपात 1981 जनगणना के दौरान राज्य, ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रत्येक के लिए 1 की तुलना में 2 आया है। तथापि पूर्ण राज्य के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में 9 जनगणना मकान ऐसे आए हैं जिनका प्रयोग मन्दिर, गिरजाघर, मस्जिद और गुरद्वारा इत्यादि के रूप में किया गया जबकि नगरीय क्षेत्रों में ऐसे मकान केवल 5 रिकार्ड किए गए। 1981 जनगणना में सदृश अनुपात, राज्य और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रत्येक में 8 था और नगरीय क्षेत्रों में 6 था।

जनगणना मकानों जिनका गैर-आवासीय उपयोग अन्य के अन्तर्गत आता है, पूर्ण राज्य के लिए आंकड़े 338 हैं, राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 363 और नगरीय क्षेत्रों के लिए 85 अभिलिखित किए गए हैं। इस श्रेणी/वर्ग के अन्तर्गत आने वाले अधिकतर मकान, पशुशालाएं, गोदाम और भंडार इत्यादि हैं।

नीचे दी हुई सारणी 1.3 ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों के लिए जनसंख्या और जनगणना मकानों का जिलेवार अलग-अलग वितरण दर्शाती है:

सारणी 1.3

जनसंख्या और जनगणना मकानों का जिलेवार ग्रामीण/नगरीय प्रतिशत वितरण

राज्य/जिला	जनसंख्या		जनगणना मकान		प्रति 1,000 व्यक्ति जनगणना मकान	
	ग्रामीण	नगरीय	ग्रामीण	नगरीय	ग्रामीण	नगरीय
1	2	3	4	5	6	7
हिमाचल प्रदेश	91.31	8.69	91.12	8.88	381	391
1. चम्बा	92.40	7.60	92.86	7.14	371	347
2. कांगड़ा	94.95	5.05	94.80	5.20	338	348
3. हमीरपुर	93.85	6.15	93.51	6.49	366	413
4. ऊना	91.47	8.53	90.29	9.71	338	390
5. बिलासपुर	94.33	5.67	93.70	6.30	374	418
6. मण्डी	92.82	7.18	82.89	7.11	404	400
7. कुल्लू	93.05	6.95	91.40	8.60	373	505
8. लाहुल और स्पिती	100.00	..	100.00	..	464	..
9. शिमला	79.57	20.43	80.53	19.47	437	412
10. सोलन	87.63	12.37	86.92	13.08	361	385
11. सिरमौर	89.97	10.03	91.73	8.27	365	328
12. किन्नौर	100.00	..	100.00	..	552	..

Further, the distribution of census houses used as residence-cum-workshop/factory including household industries reveals that 5 census houses are used as such each in the State as well as its rural areas. On the other hand, there are only 3 census houses per 1000 which are used as residence-cum-workshop in urban areas of the State.

The subjoined table also gives distribution of census houses used as hotels, sarais, dharamshalas, tourist homes and inspection houses and in that the State had only 2 census houses used as hotels etc. during 1981 and did not show any discernible change during 1990 houselisting operations. However, in urban areas this proportion has declined from 7 registered during 1981 Census to 6 at the time of 1991 Census. The rural-urban break up reveals that 762 such houses are in rural areas and only 238 in urban areas.

Noticeably, there has been an increase in the proportion of census houses being used as shops excluding eating houses during the decade 1981—91. For every 1000 census houses, their proportion has increased from 15 to 21 in the State and from 10 to 16 in rural areas and from 71 to 80 in urban areas. This increase could be attributed to proliferation of business activities as other employment oportunities, like civil services, have become almost scarce.

From amongst every 1000 census houses, only 7 are being used as business houses and offices. Their proportion in rural and urban areas stands at 5 and 25, respectively. The corresponding proportion of census houses used as factories, workshops and worksheds works out to be 26 for the State as a whole with a rural-urban break up of 24 and 41. The position in 1981 Census stood at 26 for the State, 25 for rural and 34 in urban areas.

In case of census houses used as restaurants, sweetmeat shops and eating places, the proportions in the State and its rural and urban areas were 5, 4 and 16, respectively as against 3 in the State, 2 in rural and 10 in urban areas as returned during the 1980 Census houselisting operations.

The proportion of census houses used as places of entertainment and community gathering works out to be 2 each for total, rural and urban areas in comparison to 1 each reported during 1981 Census. There were, however, 9 census houses each in total and rural areas of the State used as temple, church, mosque and gurudwara, etc. as against 5 in urban areas. The corresponding proportions in 1981 Census were 8 census houses each in total and rural areas and 6 in urban areas.

The position of census houses put to other non-residential uses is recorded as 338 for the State, 363 in rural and 85 in urban areas of the State. Majority of the houses covered under this category are cattle sheds, godowns, stores, etc.

Table 1.3 given below indicates districtwise distribution of population and census houses for rural and urban areas, separately.

TABLE 1.3

Districtwise rural/urban percentage distribution of population and census houses

State/District	Population		Census houses		No. of houses per 1,000 persons	
	Rural	Urban	Rural	Urban	Rural	Urban
1	2	3	4	5	6	7
HIMACHAL PRADESH	**91.31**	**8.69**	**91.12**	**8.88**	**381**	**391**
Chamba	92.40	7.60	92.86	7.14	371	347
Kangra	94.95	5.05	94.80	5.20	338	348
Hamirpur	93.85	6.15	93.51	6.49	366	413
Una	91.47	8.53	90.29	9.71	338	390
Bilaspur	94.33	5.67	93.70	6.30	374	418
Mandi	92.82	7.18	92.89	7.11	404	400
Kullu	93.05	6.95	91.40	8.60	373	505
Lahul & Spiti	100.00	..	100.00	..	464	..
Shimla	79.57	20.43	80.53	19.47	437	412
Solan	87.63	12.37	86.92	13.08	361	385
Sirmaur	89.97	10.03	91.73	8.27	365	328
Kinnaur	100.00	..	100.00	..	552	..

आंकड़े बताते हैं कि प्रति हजार व्यक्तियों की जनसंख्या के लिए उपलब्ध जनगणना मकान, नगरीय क्षेत्रों के 391 की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में केवल 381 हैं। वर्ष 1990 के दौरान जनगणना मकानों की उपलब्धता में स्पष्टतया बढ़ने की प्रवृत्ति रही है, जबकि 1980 में ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में सदृश अनुपात क्रमशः 368 और 374 था। चम्बा, कांगड़ा, हमीरपुर, ऊना, बिलासपुर, कुल्लू, सोलन और सिरमौर जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में मकानों की संख्या, प्रति हजार जनसंख्या के पीछे, राज्य औसत से कम है जबकि हमीरपुर, बिलासपुर, मंडी, कुल्लू और शिमला जिलों में जनगणना मकानों का प्रति हजार जनसंख्या अनुपात राज्य औसत की तुलना में उच्चतर आया है।

खाली मकानों के जिलेवार वितरण से संबंधित आंकड़े सारणी 1.4 में नीचे दिये जा रहे हैं :

सारणी 1.4

खाली मकानों का जिलेवार वितरण

राज्य/जिला	कुल खाली मकान			1000 जनगणना मकानों के साथ अनुपात		
	योग	ग्रामीण	नगरीय	योग	ग्रामीण	नगरीय
1	2	3	4	5	6	7
हिमाचल प्रदेश	191,011	170,496	20,515	97	95	117
1. चम्बा	18,535	17,435	1,100	128	129	106
2. कांगड़ा	30,975	28,612	2,363	78	76	114
3. हमीरपुर	11,438	10,272	1,166	79	76	124
4. ऊना	12,787	11,067	1,720	99	95	137
5. बिलासपुर	8,336	7,476	860	75	72	123
6. मण्डी	25,688	22,290	2,698	82	79	121
7. कुल्लू	17,628	16,612	1,016	143	147	96
8. लाहुल और स्पिती	1,175	1,175	..	81	81	..
9. शिमला	33,168	27,060	6,108	124	126	118
10. सोलन	9,544	7,213	2,331	69	60	128
11. सिरमौर	14,112	12,959	1,153	93	94	92
12. किन्नौर	7,625	7,625	..	194	194	..

जैसा कि पहले चर्चा की जा चुकी है, 1990 मकानसूचीकरण कार्य के समय राज्य में खाली मकानों की संख्या 191,011 थी। जबकि ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में यह संख्या क्रमशः 170,496 और 20,515 थी। खाली मकानों का अनुपात प्रति हजार मकानों के पीछे राज्य के लिए 97, ग्रामीण क्षेत्रों में 95 और नगरीय क्षेत्रों में 117 अभिलिखित किया गया। खाली मकानों में अधिकांशतः उपयोग के लिए अनुपयुक्त पुराने मकान, जिनकी मुरम्मत की जा रही है, जो निर्माणाधीन है तथा ग्रामीण क्षेत्रों के फार्म हाऊस इत्यादि इनमें शामिल हैं।

नीचे दी गई सारणी 1.5 पूर्ण रूप से आवासीय मकानों का जिलेवार वितरण दर्शाती है :

सारणी 1.5

पूर्ण रूप से आवासीय मकानों का जिलेवार वितरण

राज्य/जिला	संख्या			1000 जनगणना मकानों का अनुपात		
	योग	ग्रामीण	नगरीय	योग	ग्रामीण	नगरीय
1	2	3	4	5	6	7
हिमाचल प्रदेश	937,196	830,856	106,340	474	461	606
1. चम्बा	68,735	62,498	6,237	473	463	601
2. कांगड़ा	208,242	196,659	11,583	524	522	560
3. हमीरपुर	67,996	62,999	4,997	471	467	533
4. ऊना	69,692	63,554	6,138	538	543	488
5. बिलासपुर	51,428	47,641	3,787	463	458	541
6. मण्डी	137,965	124,596	13,369	440	428	600
7. कुल्लू	56,164	50,282	5,882	455	446	554
8. लाहुल और स्पिती	7,106	7,106	..	489	489	..
9. शिमला	121,928	86,575	35,353	457	403	680
10. सोलन	68,111	56,904	11,207	489	470	615
11. सिरमौर	63,877	56,090	7,787	423	405	624
12. किन्नौर	15,952	15,952	..	405	405	..

The data indicate that for a population of 1,000 persons in rural areas there are only 381 census houses available as against 391 obtaining in urban areas. There has been obviously upward trend in the availability of census houses during the year 1990 as the corresponding proportions in 1980 stood at 368 and 374 in the rural and urban areas, respectively. In rural areas of the districts of Chamba, Kangra, Hamirpur, Una, Bilaspur, Kullu, Solan and Sirmaur, the number of houses per one thousand population is less than the State average whereas districts of Hamirpur, Bilaspur, Mandi, Kullu and Shimla have returned higher proportion of census houses per thousand population in comparison to the State average.

The figures relating to districtiwse distribution of vacant houses are given below in Table 1.4.

TABLE 1.4

Districtwise distribution of vacant houses

State/District	Total vacant houses			Proportion to 1000 census houses		
	Total	Rural	Urban	Total	Rural	Urban
1	2	3	4	5	6	7
HIMACHAL PRADESH	**191,011**	**170,496**	**20,515**	**97**	**95**	**117**
Chamba	18,535	17,435	1,100	128	129	106
Kangra	30,975	28,612	2,363	78	76	114
Hamirpur	11,438	10,272	1,166	79	76	124
Una	12,787	11,067	1,720	99	95	137
Bilaspur	8,336	7,476	860	75	72	123
Mandi	25,688	22,990	2,698	82	79	121
Kullu	17,628	16,612	1,016	143	147	96
Lahul & Spiti	1,175	1,175	..	81	81	..
Shimla	33,168	27,060	6,108	124	126	118
Solan	9,544	7,213	2,331	69	60	128
Sirmaur	14,112	12,959	1,153	93	94	92
Kinnaur	7,625	7,625	..	194	194	..

As already discussed, the number of vacant houses in the State stood at 191,011 at the time of 1990 house-listing operations. Their number in rural and urban areas is 170,496 and 20,515 houses, respectively. The proportion of vacant houses per 1000 houses is recorded as 97 for State, 95 in rural areas and 117 in urban areas. Majority of the vacant houses constitute old houses unfit for use, under repair, under construction, farm houses in rural areas etc.

Table 1.5 given below indicates districtwise distribution of wholly residential houses.

TABLE 1.5

Districtwise distribution of wholly residential houses

State/District	Number			Proportion of 1000 census houses		
	Total	Rural	Urban	Total	Rural	Urban
1	2	3	4	5	6	7
HIMACHAL PRADESH	**937,196**	**830,856**	**106,340**	**474**	**461**	**606**
Chamba	68,735	62,498	6,237	473	463	601
Kangra	208,242	196,659	11,583	524	522	560
Hamirpur	67,996	62,999	4,997	471	467	533
Una	69,692	63,554	6,138	538	543	488
Bilaspur	51,428	47,641	3,787	463	458	541
Mandi	137,965	124,596	13,369	440	428	600
Kullu	56,164	50,282	5,882	455	446	554
Lahul & Spiti	7,106	7,106	..	489	489	..
Shimla	121,928	86,575	35,353	457	403	680
Solan	68,111	56,904	11,207	489	470	615
Sirmaur	63,877	56,090	7,787	423	405	624
Kinnaur	15,952	15,952	..	405	405	..

93-M/B(N)297RGI—3

आवासीय मकानों की सख्या जो वर्ष 1980 के दौरान 791,326 प्रतिवेदित की गई थी बढ़कर, 1990 मकानसूचीकरण कार्य के समय 937,196 हो गई। नगरीय क्षेत्रों में उनकी संख्या वर्ष 1980 के दौरान प्रत्यावर्तित संख्या 77,455 से बढ़कर 106,340 हो गई। अधिकांश आवासीय मकान कांगड़ा (208,242) में आए हैं, जो कि मंडी (137,965), शिमला (121,928) और ऊना (69,692) से अनुसरित है और लाहुल और स्पिती जिले में केवल 7,106 पूर्णरूपेण आवासीय मकान अभिलिखित किए गए हैं, जो कि सबसे कम हैं। जनगणना मकानों का उच्चतम अनुपात ऊना जिले (538) में आया है जो कि कांगड़ा (524), सोलन (489), तथा लाहुल और स्पिती (489) जिलों से अनुसरित है। किन्नौर जिले में 405 मकानों के अनुपात के साथ पूर्णरूपेण आवासीय प्रयोजनों के लिए उपयोग में लाए जाने वाले घरों की संख्या निम्नतम आई है। राज्य के नगरीय क्षेत्रों के मामले में शिमला जिला 680 पूर्णरूपेण आवासीय मकानों के अनुपात के साथ प्रथम स्थान पर है जो कि सिरमौर (624) और सोलन (615) से अनुसरित है। सबसे नीचे, 488 पूर्णरूपेण आवासीय मकानों के अनुपात के साथ ऊना जिला है।

आवासीय मकान जो कि साथ-साथ अन्य उपयोगों में लाए जाते हैं का जिलेवार वितरण निम्न सारणी 1.6 में दिया जा रहा है।

सारणी 1.6

दुकान-सह-निवास, कार्यशाला, कारखाना-सह-निवास और आवासीय मकान जो कि साथ-साथ अन्य उपयोगों में लाए जाते हैं का जिलेवार वितरण और उनका 1000 जनगणना मकानों के साथ अनुपात

राज्य/जिला	संख्या			1000 जनगणना मकानों के साथ अनुपात		
	योग	ग्रामीण	नगरीय	योग	ग्रामीण	नगरीय
1	2	3	4	5	6	7
हिमाचल प्रदेश	38,320	35,290	3,030	19	20	17
1. चम्बा	2,931	2,817	114	20	21	11
2. कांगड़ा	7,543	7,282	261	19	19	13
3. हमीरपुर	2,828	2,643	185	20	20	20
4. ऊना	2,248	2,018	230	17	17	18
5. बिलासपुर	1,807	1,568	239	16	15	34
6. मंडी	5,963	5,586	377	19	19	17
7. कुल्लू	3,387	3,149	238	27	28	22
8. लाहुल और स्पिती	172	172	..	12	12	..
9. शिमला	5,248	4,502	746	20	21	14
10. सोलन	2,778	2,492	286	20	21	16
11. सिरमौर	2,601	2,247	354	17	16	28
12. किन्नौर	814	814	..	21	21	..

पूर्णरूपेण आवासीय मकानों के अतिरिक्त, 38,320 मकान ऐसे हैं जिनका उपयोग निवास-सह-कार्यशाला/कार्यालय/दुकान इत्यादि के रूप में किया जाता है। इनमें से 35,290 ग्रामीण और 3,030 नगरीय क्षेत्रों में हैं।

आवासीय मकान जो साथ-साथ अन्य उपयोगों में भी लाए जाते हैं की अधिकतम संख्या कांगड़ा जिले में (7,543) आई है। दूसरे स्थान पर मंडी जिला (5,963) है जो कि शिमला (5,248) से अनुसरित है। किन्नौर जिला, 814 आवासीय मकानों के साथ सब से नीचे है। नगरीय क्षेत्रों में जिलेवार वितरण प्रकट करता है कि शिमला जिले ने इस श्रेणी/वर्ग में जनगणना मकानों का उच्चतम अनुपात (746) प्रत्यावर्तित किया है। अन्य जिलों की स्थिति, जिला चम्बा में 114 और जिला मंडी में 377 के बीच पड़ती है।

पूर्ण राज्य के लिए, प्रति हजार जनगणना मकानों में से, 19 आवासीय मकानों का उपयोग निवास-सह-कार्यशाला/दुकान/कार्यालय इत्यादि के रूप में किया जाता है। इनका अनुपात राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में 20 और नगरीय क्षेत्रों में 17 है। जिलेवार वितरण प्रकट करता है कि कुल्लू जिला प्रति हजार 27 जनगणना मकानों के साथ प्रथम स्थान पर है जो कि किन्नौर (21) से अनुसरित है। इसका मुख्य कारण जैसा कि प्रतिवेदित है, आवासीय मकानों में हथकरघे भी अधिक मात्रा में चलाए जा रहे हैं जिन पर विशेषतया शालों और पट्टुओं इत्यादि की बुनाई की जाती है। तथापि लाहुल और स्पिती जिला, प्रति हजार 12 जनगणना मकानों के अनुपात के साथ सब जिलों से नीचे है।

The number of residential houses has increased from 791,326 reported during the year 1980 to 937,196 at the time of 1990 houselisting operations In the urban areas their number has increased to 106,340 from 77,455 returned during the year 1980, while majority of residential houses have been returned from Kangra (208,242) followed by Mandi (137,965), Shimla (121,928) and Una (69,692), in Lahul & Spiti district only 7,106 wholly residential houses have been recorded which is at the lowest. The highest proportion of census houses has been returned from Una district (538) followed by districts of Kangra (524), Solan (489) and Lahul & Spiti (489). Kinnaur district, with a proportion of 405 houses, has returned the lowest number of dwellings used for wholly residential purposes. In case of urban areas of the State, Shimla district, with a proportion of 680 wholly residential houses, has attained number one rank followed by districts of Sirmaur (624) and Solan (615). At the bottom is Una district having a proportion of 488 wholly residential houses.

The districtwise distribution of residential houses in combination with other uses is given in Table 1.6 below :

TABLE 1.6

Districtwise distribution of shop-cum-residence, workshop, factory-cum-residence and residences in combination with other uses and their proportion to 1000 census houses

State/District	Number			Proportion to 1000 census houses		
	Total	Rural	Urban	Total	Rural	urban
1	2	3	4	5	6	7
HIMACHAL PRADESH	**38,320**	**35,290**	**3,030**	**19**	**20**	**17**
Chamba	2,931	2,817	114	20	21	11
Kangra	7,543	7,282	261	19	19	13
Hamirpur	2,828	2,643	185	20	20	20
Una	2,248	2,018	230	17	17	18
Bilaspur	1,807	1,568	239	16	15	34
Mandi	5,963	5,586	377	19	19	17
Kullu	3,387	3,149	238	27	28	22
Lahul & Spiti	172	172	..	12	12	..
Shimla	5,248	4,502	746	20	21	14
Solan	2,778	2,492	286	20	21	16
Sirmaur	2,601	2,247	354	17	16	28
Kinnaur	814	814	..	21	21	..

Apart from wholly residential houses, there are 38,320 houses which are used as residence-cum-workshop/office/shop etc. Of these, 35,290 fall in rural and 3,030 in urban areas.

The highest number of residential houses used in combination with other uses has been returned in Kangra district (7,543). At the second place are districts of Mandi (5,963) followed by Shimla (5,248). Kinnaur district with 814 such residential houses is at the bottom. The districtwise distribution in urban areas reveals that Shimla district has returned highest proportion (746) of census houses in this category. The position in other districts varies between 114 in Chamba district and 377 in Mandi district.

In the State as a whole against every 1000 census houses, 19 residential houses are used as residence-cum-workshop/shop/office etc. Their proportion is 20 in rural areas and 17 in urban areas of the State. The districtwise distribution reveals that Kullu district with a proportion of 27 per 1000 census houses ranks first followed by Kinnaur with (21). Reportedly, a large number of handlooms run within the residential houses have sprung up in these districts specially engaged in the manufacture of shawls, 'Pattoo', etc. Lahul & Spiti district, with a proportion of 12 per 1000 census houses is, however, at the lowest.

93-M/B(N)297RGI—3(a)

जनगणना मकानों, जिनका उपयोग, भोजन स्थलों के सिवाय, दुकानों के रूप में किया जा रहा है, की संख्या निम्न सारणी में दी जा रही है :

सारणी 1.7

दुकानों का, भोजन स्थलों के सिवाय, जिलेवार वितरण और 1000 जनगणना मकानों के साथ अनुपात

राज्य/जिला	संख्या			1000 जनगणना मकानों का अनुपात		
	योग	ग्रामीण	नगरीय	योग	ग्रामीण	नगरीय
1	2	3	5	5	6	7
हिमाकल प्रदेश	42,195	28,172	14,023	21	16	80
चम्बा	2,497	1,765	732	17	13	71
कांगड़ा	11,330	8,859	2,471	28	23	120
हमीरपुर	3,168	2,383	785	22	18	84
ऊना	3,786	2,450	1,336	29	21	106
बिलासपुर	2,198	1,543	655	20	15	94
मंडी	5,392	3,740	1,652	17	13	74
कुल्लू	2,456	1,113	1,343	20	10	126
लाहुल और स्पिती	230	230	..	16	16	..
शिमला	4,943	2,267	2,676	19	11	52
सोलन	3,251	1,955	1,296	23	16	71
सिरमौर	2,485	1,408	1,077	16	11	86
किन्नौर	459	459	..	12	12	..

उपर्युक्त सारणी के आंकड़े प्रकट करते हैं कि जनगणना मकानों की संख्या, जिन का उपयोग भोजन स्थलों के सिवाय दुकानों के रूप में होता है, 1980 के दौरान 23,157 से बढ़ कर वर्तमान जनगणना में 42,195 हो गई है। ये जनगणना मकान राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में 28,172 तथा नगरीय क्षेत्रों में 14,023 हैं। 1980 में सदृश आंकड़े क्रमशः 14,525 और 8,632 अभिलिखित किए गए थे। जनगणना मकानों की संख्या, जिनका उपयोग भोजन स्थलों के सिवाय, दुकानों के रूप में किया जाता है, शिमला जिले के 4,943 और लाहुल और स्पिती जिले के 230 के मध्य में पड़ते हैं। राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में, इस प्रकार के जनगणना मकानों की संख्या, कांगड़ा जिले के 8,859 और लाहुल और स्पिती जिले के 230 के बीच में है ।

राज्य के नगरीय क्षेत्रों में इस श्रेणी/वर्ग के मकानों का जिलेवार वितरण दर्शाता है कि शिमला जिला (2,676) सबसे ऊपर है जो कि कांगड़ा जिले (2,471) से अनुसरित है। बिलासपुर जिले के नगरीय क्षेत्रों में केवल 655 जनगणना मकान हैं जिनका उपयोग भोजन स्थलों को छोड़ कर दुकानों के रूप में किया जा रहा है।

जिलेवार वितरण प्रकट करता है कि इस प्रकार के मकानों का उच्चतम अनुपात कांगड़ा जिले में (28) आया है जबकि किन्नौर जिले में (12) सब से कम अभिलिखित किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह अनुपात कुल्लू जिले के 10 और कांगड़ा जिले के 23 के बीच में पड़ता है। नगरीय क्षेत्रों के लिए उच्चतम अनुपात कुल्लू जिले (126) से और न्यूनतम शिमला जिले (52) से प्रतिवेदित है।

अन्य गैर आवासीय मकान

जनगणना मकान, जिनको पशुशालाओं, भंडारों, गोदामों, गैराजों पैट्रोल पम्पों और यात्री शालिकाओं इत्यादि जैसे अन्य उपयोगों में लाया

The districtwise number of census houses being used as shops excluding eating houses is given in the subjoined Table 1.7.

TABLE 1.7

Districtwise distribution of shops excluding eating houses and its proportion to 1000 census houses

State/District	Number			Proportion of 1000 census houses		
	Total	Rural	Urban	Total	Rural	Urban
1	2	3	4	5	6	7
HIMACHAL PRADESH	**42,195**	**28,172**	**14,023**	**21**	**16**	**80**
Chamba	2,497	1,765	732	17	13	71
Kangra	11,330	8,859	2,471	28	23	120
Hamirpur	3,168	2,383	785	22	18	84
Una	3,786	2,450	1,336	29	21	106
Bilaspur	2,198	1,543	655	20	15	94
Mandi	5,392	3,740	1,652	17	13	74
Kullu	2,456	1,113	1,343	20	10	126
Lahul & Spiti	230	230	..	16	16	..
Shimla	4,943	2,267	2,676	19	11	52
Solan	3,251	1,955	1,296	23	16	71
Sirmaur	2,485	1,408	1,077	16	11	86
Kinnaur	459	459	..	12	12	..

The data in the above table reveal that the number of census houses used as shops excluding eating houses has registered an increase from 23,157 reported during 1980 to 42,195 during the present census. Of these census houses, 28,172 are in rural areas and 14,023 in urban areas of the State. The corresponding figures in 1980 were recorded as 14,525 and 8,632 census houses, respectively. The number of census houses used as shops excluding eating houses vary between 4,943 in Shimla and 230 in Lahul & Spiti districts. In rural areas of the State, the number of such type of census houses vary between 8,859 in Kangra district and 230 in Lahul & Spiti district.

The districtwise distribution of this category of houses in urban areas of the State indicates that Shimla district (2,676) is at the top followed by (2,471) in Kangra district. In urban areas of Bilaspur district, only 655 census houses are being used as shops excluding eating houses.

The districtwise distribution reveals that the highest proportion of such houses has been returned by Kangra district (28) whereas it is lowest recorded in Kinnaur district (12). In rural areas this proportion varies between (10) in Kullu district and 23 in Kangra district. For urban areas, the highest proportion is reported from Kullu district (126) and lowest is from Shimla district (52).

Other Non-Residential Houses :

The distribution of census houses put to other uses such as cattle sheds, stores, godowns, garrages, petrol

जाता है का वितरण निम्न सारणी 1.8 में दिया गया है :

सारणी 1.8

"अन्य गैर आवासीय मकानों" के अन्तर्गत वर्गीकृत जनगणना मकानों का जिलेवार वितरण

राज्य/ज़िला	अन्य			1000 जनगणना मकानों के साथ अनुपात		
	योग	ग्रामीण	नगरीय	योग	ग्रामीण	नगरीय
1	2	3	4	5	6	7
हिमाचल प्रदेश	668,793	653,873	14,920	338	363	85
चम्बा	44,766	43,753	1,013	308	324	98
कांगड़ा	120,368	118,626	1,742	303	315	84
हमीरपुर	53,111	51,980	1,131	368	385	121
ऊना	34,144	32,606	1,538	264	279	122
बिलासपुर	43,014	42,204	810	387	405	116
मण्डी	123,266	121,210	2,056	393	416	92
कुल्लू	36,414	35,649	765	295	316	72
लाहुल और स्पिती	4,640	4,640	..	320	320	..
शिमला	87,628	83,901	3,727	328	390	72
सोलन	48,222	47,005	1,217	346	388	67
सिरमौर	61,058	60,137	921	404	434	74
किन्नौर	12,162	12,162	..	309	309	..

सारणी में दिए हुए आंकड़े बताते हैं कि राज्य में "अन्य" श्रेणी/वर्ग के अन्तर्गत आने वाले जनगणना मकान 668,793 हैं। उन का भाग ग्रामीण क्षेत्रों में 653,873 तथा नगरीय क्षेत्रों में 14,920 है। चुंकि अधिकाश जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है इसलिए उन का मुख्य आर्थिक कार्यकलाप कृषि से संबंधित है। इस प्रकार, अधिकांश जनगणना मकानों, जिन को "अन्य" श्रेणी में वर्णित किया गया है, में सामान्यतः पशुशालाएं सम्मिलित हैं। "अन्य" श्रेणी के अन्तर्गत आने वाले जनगणना मकानों की संख्या 1980 के दौरान अभिलिखित 585,531 की गई थी जो 1990 जनगणना के मकानसूचीकरण कार्य के समय बढ़ कर 668,793 हो गई। दूसरे शब्दों में, उक्त दशक के दौरान जनगणना मकानों की संख्या में पूर्ण राज्य के लिए 83,262 की वृद्धि हुई है।

जनगणना मकानों, जिन को "अन्य" उपयोगों में लाया जाता है, का जिलेवार वितरण प्रकट करता है कि ऐसे मकानों का उच्चतम अनुपात मंडी जिले में (123,266) आया है जो कि क्रमशः कांगड़ा (120,368), शिमला (87,628), और सिरमौर (61,058) जिलों से अनुसरित है। किन्नौर जिला 12,162 जनगणना मकानों के अनुपात के साथ सबसे नीचे पड़ता है।

जनगणना मकानों का उच्चतम अनुपात (404) सिरमौर जिले में आया है। हमीरपुर (368), बिलासपुर (387), मंडी (393) और सोलन (346) ऐसे जिले हैं, जिनमें जनगणना मकानों का अनुपात राज्य औसत (338) से अधिक है। ग्रामीण क्षेत्रों में सिरमौर जिला 434 जनगणना मकानों के साथ शीर्षस्थ है जो कि मंडी (416) बिलासपुर (405) और शिमला (390) से अनुसरित हैं। ऊना जिला 279 जनगणना मकानों के अनुपात के साथ सबसे नीचे पड़ता है। नगरीय क्षेत्रों में, 122 जनगणना मकानों के अनुपात के साथ ऊना जिला प्रथम स्थान पर है। हमीरपुर जिला 121 जनगणना मकानों के अनुपात के साथ द्वितीय स्थान पर है तथा बिलासपुर (116) और चम्बा (98) से अनुसरित है। सोलन जिला (67) जनगणना मकानों के अनुपात के साथ राज्य के समस्त जिलों में अन्तिम स्थान पर है।

pumps and passenger shelters, etc. is given below in Table 1.8.

TABLE 1.8

Districtwise distribution of census houses classified under 'other non-residential houses'

State/District	Number			Proportion to 1000 census houses		
	Total	Rural	Urban	Total	Rural	Urban
1	2	3	4	5	6	7
HIMACHAL PRADESH	**668,793**	**653,873**	**14,920**	**338**	**363**	**85**
Chamba	44,766	43,753	1,013	308	324	98
Kangra	120,368	118,626	1,742	303	315	84
Hamirpur	53,111	51,980	1,131	368	385	121
Una	34,144	32,606	1,538	264	279	122
Bilaspur	43,014	42,204	810	387	405	116
Mandi	123,266	121,210	2,056	393	416	92
Kullu	36,414	35,649	765	295	316	72
Lahul & Spiti	4,640	4,640	..	320	320	..
Shimla	87,628	83,901	3,727	328	390	72
Solan	48,222	47,005	1,217	346	388	67
Sirmaur	61,058	60,137	921	404	434	74
Kinnaur	12,162	12,162	..	309	309	..

The data in the table indicates that there are 668,793 census houses in the State falling under 'other' category. Their share in the rural areas is 653,873 and in urban areas 14,920. As majority of the population lives in rural areas, their main economic activity relates to agriculture. Thus, majority of census houses used as 'other' category are mostly cattle sheds. The number of census houses falling under category 'other' has risen from 585,531 recorded during 1980 to 668,793 at 1990 census houselisting operations. In other words, during the said decade, the number of census houses has increased by 83,262 in the State as a whole

The districtwise distribution of census houses put to 'other' uses reveals that Mandi district has returned the highest proportion of such houses (123,266). It is followed by Kangra (120,368), Shimla (87,628) and Sirmaur (61,058) districts. Kinnaur district with proportion of 12,162 census houses is at its lowest.

The highest proportion (404) of census houses has been returned from Sirmaur district. Hamirpur (368), Bilaspur (387), Mandi (393) and Solan (346) are the districts having proportion of census houses more than the State average (338). In rural areas, Sirmaur district with 434 census houses is at the top which is followed by Mandi (416), Bilaspur (405) and Shimla (390). Una district, with a proportion of 279 census houses, is at the bottom. In urban areas, Una district with a proportion of 122 census houses ranks first. Hamirpur district having a proportion of 121 census houses occupies second place and is followed by Bilaspur (116) and Chamba (98). Solan district with a proportion of 67 census houses is at the tail among all the districts of the State.

हिमाचल प्रदेश
HIMACHAL PRADESH

अन्य गैर आबाद मकानों के अन्तर्गत वर्गीकृत जनगणना मकान

CENSUS HOUSES CLASSIFIED UNDER OTHER NON-RESIDENTIAL HOUSES



Note-Kinnaur and Lahul & Spiti districts are entirely rural.

सारणी ज-2 भाग क व ख

जनगणना मकानों की छत, दीवार और फर्श की मुख्य सामग्री के अनुसार जनगणना मकानों का वितरण

यह सारणी जनगणना मकानों की छत, दीवार और फर्श की सामग्री के अनुसार जनगणना मकानों का वितरण दर्शाती है। सारणी कोदो भागों में तैयार किया गया है। भाग 'क' नगरीय क्षेत्रों के लिए राज्य/जिला/शहरी स्तर पर आंकड़े प्रस्तुत करता है और भाग 'ख' ग्रामीण क्षेत्रों के लिए राज्य/जिला स्तर पर आंकड़े प्रस्तुत करता है। यह सारणी समग्र मकानों की कोटि दर्शाती है।

परिशिष्ट :

परिशिष्ट, सांस्थानिक परिवारों के सिवाय, परिवारों का उनके द्वारा अधिकृत जनगणना मकानों की छत, दीवार और फर्श की मुख्य सामग्री के अनुसार वितरण प्रदान करता है। यह परिशिष्ट 1981 जनगणना की सारणी ज ज-1 के सदृश है।

यह सारणी और इसका परिशिष्ट, मकान सूची के 3, 4, 5, 6, 7 और 9 कालमों में दर्ज उत्तरों के आधार पर तैयार किए गए हैं।

दीवारों की सामग्री निम्नलिखित दस श्रेणियों/वर्गों में वर्गीकृत की गई है :

1. घास, पत्ते, सरकंडे या बांस
2. गारा
3. कच्ची ईंटें
4. लकड़ी
5. पक्की ईंटें
6. जी० आई० चद्दरें या अन्य धातु की चद्दरें
7. पत्थर
8. सीमेंट कंक्रीट
9. इकरा
10. समस्त अन्य सामग्रियां और सामग्रियां जो अभिव्यक्त नहीं की गई।

निम्न सारणी 2.1 ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में, अलग-अलग दीवार की मुख्य सामग्री का जिलेवार वितरण दर्शाती है :

सारणी 2.1

ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में, अलग-अलग, दीवार की मुख्य सामग्री के अनुसार 1000 जनगणना मकानों का वितरण

राज्य/जिला	ग्रामीण नगरीय	दीवार की मुख्य सामग्री									
		घास, पत्ते सरकंडे और बांस	गारा	कच्ची ईंटें	लकड़ी	पक्की ईंटें	जी० आई० चद्दरें या अन्य धातु की चद्दरें	पत्थर	सीमेंट कंक्रीट	इकरा	समस्त अन्य सामग्रियां तथा दूसरी और ऐसी सामग्रियां जो अन्यत्र वर्णित नहीं की गई
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
हिमाचल प्रदेश	ग्रामीण	8	92	275	19	97	3	499	6	नं०	1
	नगरीय	7	52	77	31	525	10	242	50	नं०	6
चम्बा	ग्रामीण	1	14	67	10	19	14	862	13	नं०	नं०
	नगरीय	3	40	14	91	210	6	594	41	1	नं०
कांगड़ा	ग्रामीण	16	62	721	3	144	1	51	2	नं०	नं०
	नगरीय	9	36	226	32	495	5	184	11	नं०	2
हमीरपुर	ग्रामीण	3	77	724	2	107	1	84	1	नं०	1
	नगरीय	19	19	336	5	526	4	86	4	..	1
ऊना	ग्रामीण	18	190	332	3	402	नं०	52	2	नं०	1
	नगरीय	13	63	25	13	884	1	नं०	नं०	..	1
बिलासपुर	ग्रामीण	6	118	390	4	58	2	417	5	नं०	नं०
	नगरीय	11	25	96	14	622	6	181	44	..	..
मंडी	ग्रामीण	2	88	110	10	17	1	764	8	नं०	नं०
	नगरीय	2	28	77	25	268	3	406	185	नं०	6

TABLE H-2 : PARTS A AND B

DISTRIBUTION OF CENSUS HOUSES BY PREDOMINANT MATERIAL OF ROOF, WALL AND FLOOR OF CENSUS HOUSES

This table gives the distribution of census houses by material of roof, wall and floor of census houses. The table has been prepared in two parts. Part A presents data for urban areas at state/district/city level and Part B presents data for rural areas at state/district level. The table shows the quality of the housing stock.

APPENDIX

The appendix gives the distribution of households excluding institutional households by predominant material of roof, wall and floor of the residential census houses occupied by them. This appendix corresponds to Table HH-1 of the 1981 Census.

This table and its appendix have been prepared on the basis of the answers recorded in columns 3,4, 5, 6, 7 and 9 of the houselist.

The material of walls has been classified in the following ten categories :

1. Grass, leaves, reeds, or bamboo
2. Mud
3. Unburnt bricks
4. Wood
5. Burnt bricks
6. G.I. sheets or other metal sheets
7. Stone
8. Cement concrete
9. Ekra
10. All other materials and materials not stated.

The following Table 2.1 shows *districtwise distribution* of predominant material of wall in rural and urban areas respectively.

TABLE 2.1

Distribution of 1000 census houses by predominant material of wall in rural and urban areas separately

22. Building : A building is generally a single structure on the ground. Sometimes it is made up of more than one component unit which are used or likely to be used as dwellings (residences) or establishments such as shops, business houses, offices, factories, workshops, worksheds, schools, places of entertainment, places of worship, godowns, stores, etc. It is also possible that buildings which have component units may be used for a combination of purposes such as shop-cum-residence. Workshop-cum-residence, office-cum-residence, etc.

23. Sometimes a series of different buildings may be found along a street which are joined with one another by, common walls on either side looking like a continuous structure. These different units are practically independent of one another and likely to have been built at different times and owned by different persons. In such cases though the whole structure with all the adjoining units apparently appears to be one building, each portion should be treated as a separate building and given separate numbers. On the other hand, you may come across cases, particularly in large

94:M/B(N)297RGI—6

दिया जाना चाहिए। दूसरी ओर विशेषत: बड़े नगरों मे बहु-मंजिली इमारतों के ऐसे उदाहरण आएंगे जिनमें अलग-अलग फ्लेटों के अलग-अलग मालिक हों ऐसी स्थिति में भी पूरी इमारत को एक भवन माना जाएगा एवं प्रत्येक फ्लैट अलग जनगणना मकान माना जाएगा।

24. कभी-कभी ऐसी इमारतों में नगरपालिका इत्यादि के द्वारा विभिन्न फ्लैटों को अलग-अलग भवन मानकर नम्बर दिए जाते हैं। ऐसी स्थिति में आप ऐसे प्रत्येक फ्लैट को अलग-अलग भवन मानें क्योंकि ऐसा करने से मकानों को पुन: नम्बर देने की आवश्यकता नहीं होगी।

25. यदि किसी बड़े अहाते में कई इमारतें हों जिनके अलग-अलग मालिक हों तो प्रत्येक इमारत को अलग-अलग भवन माना जाएगा। कभी-कभी किसी उपक्रम (Undertaking) कम्पनी या सरकार के द्वारा अपने कर्मचारियों के लिये कालोनियां बनाई जाती हैं जो एक अहाते के अन्दर होती हैं। ऐसी स्थिति में अहाते के अन्दर प्रत्येक इमारत को अलग-अलग भवन माना जाएगा। यदि ऐसे भवनों में कई फ्लैट या ब्लाक हों जो एक दूसरे से स्वतन्त्र हैं और उनमें से प्रत्येक का अलग प्रवेश द्वार हो जिसमें साझे के आगन या जीने से होकर पहुंचा जा सके तथा जिनमें भिन्न परिवार रहते हों तो ऐसे प्रत्येक फ्लैट या ब्लाक अलग जनगणना मकान माने जाएंगे।

26. सामान्यत: एक संरचना (Stucture) में चार दीवारें और एक छत होती है लेकिन कुछ क्षेत्रों में मकानों का स्वरूप इस प्रकार का होता है कि उनमें कोई दीवार नहीं होती। उदाहरण के लिये शंक्वाकार (Conical) छत वाले भवन जिनकी छत लगभग जमीन को छूती है और उनमें प्रवेश द्वार भी होता है पर कोई भी दीवार नहीं होती है ऐसी संरचनाओं को भी परिस्थिति के अनुसार भवन एवं जनगणना मकान माना जाएगा।

27. यदि किसी अहाते या चारदीवारी के अन्दर एक ही मालिक की कई संरचनाएं हों जैसे नगरों में मुख्य भवन, नौकरों के लिये क्वार्टर, गैरेज इत्यादि तो इन सबके लिए एक ही भवन नम्बर दिया जाए तथा प्रत्येक संघटक संरचनाओं को उप नम्बर जैसे 1 (1), 1(2), 1(3), इत्यादि दिया जाए बशर्ते ये संरचनाएं आगे दी गई जनगणना मकान की परिभाषा के अनुरूप हों।

28. खाके में भवनों को नम्बर देने के विषय में सामान्य अनुदेशों का पहले ही जिक्र हो चुका है। इस सम्बन्ध में निम्नलिखित विस्तृत अनुदेशों का विशेष ध्यान रखा जाए :

(i) किसी एक सड़क/गली पर स्थित भवनों को एक ही क्रम में नम्बर दिया जाए। नम्बर देने के लिए सड़कों को उत्तर-पश्चिम से दक्षिण पूर्व की दिशा में लें। सड़कों के किनारे स्थित भवनों को नम्बर देते समय यह ध्यान रखें कि सड़क के एक छोर से आखिर तक एक ही क्रम रखा जाए और उसके बाद ही सड़क पार कर दूसरी तरफ जाएं और तब उल्टी दिशा में उसी क्रम से दूसरी तरफ नम्बर देने का क्रम जारी रखें जैसा नीचे स्पष्ट किया जाता है.



(ii) याद रहे कि किसी भी हालत में नम्बर देने के लिए सड़कों/गलियों को बीच से पार न करें। किसी कस्बें/नगर के प्रगणक ब्लाक में गली की सीध में नम्बर देने शुरू किए जाएं न कि अपनी इच्छा से किन्हीं भी अन्य भौगोलिक दिशाओं में।

(iii) भवन नम्बरों के लिये अरबी (अंतराष्ट्रीय) अंक जैसे 1 2 3..... प्रयोग में लाए जाएं।

(iv) ऐसा भवन जो बन रहा हो और जिसकी छत बन चुकी हो उसको भवन नम्बर दे दिया जाए। इसी प्रकार यदि कोई भवन गिराया जा रहा हो और उसकी छत गिर चुकी हो तो उसे छोड़ दिया जाए।

(v) यदि भवनों पर नम्बर डालने का काम समाप्त हो जाने के बाद या पहले से ही नम्बर डाले गए भवनों के बीच में कोई नया कच्चा या पक्का भवन पाया जाता है तो उसे साथ वाले पिछले भवन का बटा नम्बर दिया जाए जैसे, 10/1, 10/2....।

टिप्पणी : इन्हें 10(1) या 10(2) आदि नम्बर न दिए जाएं क्योंकि इस प्रकार के नम्बर तो जैसा कि आगे स्पष्ट किया जाएगा एक ही भवन के जनगणना मकानों पर दिए जाते हैं। दूसरी ओर 10/1 का अर्थ होगा एक अलग भवन जो कि भवन नम्बर 10 के बाद बना है या जिस पर नम्बर बाद में डाला गया है।

जनगणना मकान

29. जनगणना मकान एक भवन या भवन का वह भाग है जिसका अलग मुख्य प्रवेश द्वार है। यह द्वार रास्ते पर या साझे के अहाते बरामदे या जीने इत्यादि में हो सकता है किन्तु यह जनगणना मकान एक पृथक इकाई की तरह प्रयोग होना चाहिए या समझा जाना चाहिए। हो सकता है कि वह खाली हो या किसी तरह के उपयोग में आता हो। हो सकता है कि वह रहने के काम में आता हो या गैर-आवासीय उपयोग में या दोनों ही कार के उपयोग में आता हो।

cities of multi-storeyed ownership flats. In these cases while the structure looks like one building, the flats are owned by different persons. In case of such multi-storeyed structures, having a number of flats owned by different persons, the entire structure should be treated as one building and each flat as a separate house.

24. Sometimes in metropolitan cities the local authorities may have considered the flats in a block or in large colonies as separate buildings and numbered them as such. If the house numbering system of the local authorities is adopted as such, you may treat each such flat as a separate building because this will avoid your having to renumber these.

25. If within a large enclosed area there are separate structures owned by different persons then each such structure should be treated as one or more separate buildings. Sometimes there may be a number of structures within an enclosed area or compound owned by an undertaking or company or government which are occupied by their employees. Each such structure should be treated as a separate building. If such buildings have a number of flats or blocks which are independent of one another having separate entrance from a common courtyard or staircase and occupied by different households each such flat or block should be considered as a separate census house.

26. Usually a structure will have four walls and a roof. But in some areas the very nature of construction of houses is such that there may not be any wall. For example, a conical roof almost touches the ground and an entrance is also provided and there will not be any wall as such. Such structures should be treated as buildings and census houses as the case may be.

27. If there is more than one structure within an enclosed or open compound (premises) belonging to the same person, *e.g.*, the main house, the servant's quarter, the garage, etc., only one building number should be given for this group and each of the constituent separate structures assigned a sub-number like 1(1), 1(2), 1(3) and so on provided these structures satisfy the definition of a 'Census House' given hereafter.

28. The buildings should be numbered as follows :

(*i*) If in a village the locality consists of a number of streets, the buildings in the various streets should be numbered continuously. Streets should be taken in uniform order from north-west to south-east. It has been observed that the best way of numbering the buildings is to continue with one consecutive serial on one side of the street and complete numbering on that side before crossing over to the end of the other side of the street and continuing with the serial, stopping finally opposite to where the first number began.

1	2	3	4	5
Road				
10	9	8	7	6

(*ii*) In a town/city enumeration block, the numbering will have to run along the axis of the street and not in any arbitrary geographical direction.

(*iii*) Arabic numerals, *i.e.*, 1, 2, 3, ... etc. should be used for building numbers.

(*iv*) A building under construction, the roof of which has been completed should be given a number in the serial.

(*v*) If a new building either *Pucca* or *Kutcha* is found after the housenumbering has been completed or in the *midst* of buildings already numbered, it should be given a new number which may bear a sub-number of the adjacent building number e.g., 10/1....

NOTE : These should not be numbered as 10(1) or 10(2) etc., as such numbering would apply to census houses within the same building. On the other hand, 10/1 would mean a separate building that has come-up after building No. 10. .

Census House

29. A 'Census House' is a building or part of a building having a separate main entrance from the road or common courtyard or staircase, etc., used, or recognised as a separate unit. It may be occupied or vacant. It may be used for a residential or non-residential purpose or both.

93-M/B(N)297RGI—6(a)

30. यदि किसी भवन में कई फ्लैट या ब्लाक हों और वे एक दूसरे से अलग हों और उनमें से प्रत्येक का प्रवेश द्वार अलग होकर रास्ता, सड़क, जीने या अहाते में (जहां से मुख्य द्वार पर जा सकें) खुलता हो तो ऐसे प्रत्येक फ्लैट या ब्लाक को अलग जनगणना मकान समझा जाएगा। यदि किसी घिरे हुए अहाते में पृथक इमारतें हों जो भिन्न व्यक्तियों की हों अथवा एक व्यक्ति की हों किन्तु भिन्न व्यक्तियों के उपयोग में आ रही हों तो वे अलग-अलग भवन होंगे और प्रत्येक भवन अलग-अलग जनगणना मकान समझा जाएगा। यदि अहाते की सभी इमारतों को एक साथ एक भवन माना जाता है तो इनमें से प्रत्येक इमारत अलग जनगणना मकान मानी जाएगी यदि उसका अलग प्रवेश द्वार हो।

31. कुछ मामलों में जनगणना मकान की परिभाषा को अक्षरशः लागू करने में कठिनाई हो सकती है। उदाहरण के लिए, किसी नगरीय क्षेत्र में एक फ्लैट में पांच कमरे हैं और सामूहिक सीढ़ी या आंगन से प्रत्येक कमरे में सीधे प्रवेश किया जा सकता है। परिभाषा के अनुसार इन्हें पांच जनगणना मकान माना जाएगा। परन्तु यदि इन सभी कमरों में एक ही परिवार रह रहा हो तो इन्हें पांच जनगणना मकान मानना उचित नहीं होगा। ऐसे मामलों में निवास 'उपयोग के एकत्व' (Singleness of use) को ध्यान में रखना चाहिए और पूरे फ्लैट को एक ही जनगणना मकान मानना चाहिए। दूसरी ओर, यदि दो अलग-अलग परिवार इन पांच कमरों में रह रहे हो, जिनमें से एक के पास तीन और दूसरे के पास दो कमरे हों तो पहले तीन कमरों को एक जनगणना मकान माना जाएगा और शेष दो कमरों को दूसरा जनगणना मकान। परन्तु यदि प्रत्येक कमरा अलग-अलग परिवार के पास हो, तो ऐसे प्रत्येक कमरे को अलग-अलग जनगणना मकान माना जाए।

32. होस्टल, होटल आदि के मामलों में यदि प्रत्येक कमरे का, जिनमें लोग रहते हैं, दरवाजा सामूहिक बरामदा, सीढ़ी, आंगन या सामूहिक कमरे की ओर खुलती, हो, जैसा कि सामान्यतः पाया जाता है तो ऐसे मामलों में सम्पूर्ण होस्टल/होटल के भवन को एक जनगणना मकान माना जाएगा। परन्तु यदि ऐसे होस्टल/होटल में ऐसे आउट-हाउस या कोई संरचना हो, जिनका उपयोग विभिन्न प्रयोजनों या एक ही प्रयोजन के लिए किया जाता हो, तो मुख्य होस्टल/होटल से सम्बद्ध ऐसी संरचना को पृथक जनगणना मकान माना जाएगा और उसे मुख्य भवन का उप-नम्बर दिया जाएगा।

33. देश के कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसा पाया जाता है कि एक परिवार के उपयोग में कई झोंपड़ियां एक अहाते या चारदीवारी के अन्दर होती हैं। जबकि मुख्य निवास किसी एक झोंपड़ी में होता है, अन्य झोंपड़ियों को सोने के लिए, रसोई, स्नान-गृह, बैठक आदि के रूप में प्रयोग किया जाता है ऐसी स्थिति में हालांकि प्रत्येक झोंपड़ी एक अलग संरचना है लेकिन रहने के लिए वे एक ही इकाई है और इसलिए सामूहिक रूप से उन्हें एक ही जनगणना मकान माना जाएगा। फिर भी उस अहाते में यदि कुछ ऐसी झोंपड़ियां भी हों जिनका उपयोग परिवार के रहने के अलावा अन्य प्रयोजनों के लिए किया जाता हो जैसे पशुओं के रहने के लिए शैड, काम करने के लिए शैड इत्यादि, तो उन्हें पृथक जनगणना मकान माना जाएगा। इस बात का भी पता लगाया जाये कि इस प्रकार की इकाई एक ही परिवार के उपयोग में है या एक से अधिक के। यदि अहाते में एक से अधिक परिवार रहते हैं तो उनके उपयोग में आने वाली झोंपड़ी समूहों को पृथक पृथक जनगणना मकान माना जाए।

34. यह भी सम्भव है कि कोई परिवार किसी और संरचना का उपयोग करता हो। जैसे बैठक जो कि मुख्य निवास स्थान से कुछ दूरी पर हो या उनके बीच में कोई अन्य संरचना या कोई सड़क/गली पड़ती हो तो ऐसी स्थिति में यह आवश्यक होगा कि बैठक के रूप में उपयोग की जाने वाली ऐसी अलग संरचना को भिन्न जनगणना मकान समझा जाए।

35. प्रायः यह देखा गया है कि नगरपालिका आदि के द्वारा प्रत्येक स्थान को (चाहे मकान बना हुआ हो या न बना हुआ हो) स्वामित्व के आधार पर नम्बर दे दिया जाता है। इस प्रकार के खुले स्थान चाहे उनमें चारदीवारी हो या नहीं, जनगणना मकान नहीं माने जाएंगे। केवल वही संरचनाएं जिनमें छत हो जनगणना मकान मानी जाएंगी। शंक्वाकार छतों का उल्लेख पहले ही किया जा चुका है।

36. पम्प हाउस, मंदिर और इसी प्रकार की अन्य संरचनाओं को भी जनगणना मकान नम्बर देना चाहिए बशर्ते कि वे इतनी छोटी न हों कि कोई भी व्यक्ति उनमें रह न सके।

37. प्रत्येक जनगणना मकान पर नम्बर दिया जाए। यदि कोई भवन अपने आप में एक जनगणना मकान है, तो जनगणना मकान का वही नम्बर होगा जो उस भवन का। लेकिन यदि इस भवन के विभिन्न भाग अलग-अलग इकाइयां हों और अलग-अलग जनगणना मकान कहे जा सकते हों तो प्रत्येक जनगणना मकान को एक उप-नम्बर, उस भवन नम्बर के साथ कोष्ठकों में दिया जाएगा जैसे 10 (1), 10 (2) आदि 11(1), 11(2) 11(3) आदि।

परिवार (Household)

38. परिवार ऐसे व्यक्तियों के समूह को कहते हैं जो सामान्यतः एक साथ रहते हों और यदि काम की आवश्यकता उन्हें मजबूर न करे तो एक ही रसोई से खाना खाते हों। परिवार ऐसे व्यक्तियों का हो सकता है जिनका आपस में रक्त-सम्बन्ध हो अथवा ऐसा सम्बन्ध नहीं हो या उसमें दोनों प्रकार के व्यक्ति हों। असम्बन्धित व्यक्तियों के परिवार के उदाहरण हैं, बोर्डिंग हाउस, मैस, होस्टल, आवासीय, होटल, उद्धार गृह, जेल, आश्रम आदि। इन्हें "संस्थागत परिवार" कहा जाता है। परिवार एक व्यक्ति का, दो व्यक्तियों का और अनेक व्यक्तियों का भी हो सकता है। जनगणना प्रयोजनों के लिए इस प्रकार की प्रत्येक इकाई को "परिवार" समझा जाएगा।

30. If a building has a number of flats or blocks which are independent of one another having separate entrances of their own from the road or a common staircase or a common courtyard leading to a main gate, they will be considered as separate census houses. If within a large enclosed area, there are separate buildings owned by different persons then each such building should be treated as one or more separate buildings. You may come across cases where within an enclosed compound there may be separate buildings owned by an undertaking or company or even government, actually in occupation of different persons. For example, I.O.C. colony where the buildings are owned by the Corporation but these are in occupation of their employees. Each such building should be reckoned as a separate building. But if in any one of these buildings there be flats in occupation of different households, each such flat should be treated as a separate census house.

31. It may be difficult to apply the definition of census house strictly in certain cases. For example, in an urban area, a flat has five rooms each room having direct entrance to the common staircase or courtyard. By definition this has to be treated as five census houses. If all these five rooms are occupied by a single household it is not realistic to treat them as five census houses. In such a case 'singleness' of use of these rooms alongwith the main house should be considered and the entire flat should be treated as one census house. On the other hand, if two independent households occupy these five rooms, the first household living in 3 rooms and the second household occupying 2 rooms, then considering the use the first three rooms together should be treated as one census house and the remaining rooms as another census house. But if each room is occupied by an independent household then each such room should be treated as a separate census house.

32. In case of hostels, hotels, etc., even if the door of each room in which an inmate lives opens to a common verandah, staircase, courtyard or a common room, as it happens almost invariably, the entire hostel/hotel building should be treated as one census house. But if such hostels/hotels have out-houses or other structures used for different purposes or the same purpose then each such structure attached to the main hostel/hotel should be treated as a separate census house and will be given sub-numbers of the main building.

33. In some parts of the country, in rural areas, the pattern of habitation is such that a group of huts located in a compound, whether enclosed or unenclosed is occupied by one household. While the main residence may be located in one hut, other huts may be used for sleeping, as a kitchen, bath room, baithak, etc. Though each of the huts is a separate structure, they form a single housing unit and therefore, have to be treated collectively as a single census house. If some of the huts are used by one household and the others by a second household as residence, then the two groups of huts should be treated as separate census houses. However, if there are also other huts in the compound used for other purposes and not as part of the household's residence such as, cattle shed, workshed, etc., they should be treated as separate census houses.

34. It is also possible that a household uses another structure, e.g., a baithak ,separated from the main residence by some distance or by other structures or by a road. In such cases, it may become necessary to treat that separate structure used as "baithak" as a separate census house.

35. It is usual to find in municipal towns and cities that every site whether built upon or not is numbered by the municipal authorities on property basis. Such open sites, even if these are enclosed by a compound wall, should not be listed for census purposes. Only cases where a structure with roof has come up should be treated as a census house and listed. But in some areas the very nature of construction of houses is such that there may not be any wall. For example, a conical roof almost touches the ground and an entrance is also provided and there will not be any wall as such. Such structure should of course be treated as buildings and census houses and numbered and listed.

36. Pump houses, temples and other similar structures must also be numbered and given census house numbers. These are places where people can also live. Obviously, such structures need not be numbered if they are so small that no person can live in them.

37. Each census house should be numbered . If a building by itself is a single census house, then the number of the census house will be the same as the building number. But if different parts or constituent units of a building qualify to be treated as separate census houses, each census house should be given a sub-number within brackets after the building number as 10(1), 10(2), etc. or 11(1), 11(2), 11(3), etc.

Household

38. A household is a group of persons who commonly live together and would take their meals from a common kitchen unless the exigencies of work prevented any of them from doing so. There may be a household of persons related by blood or a household of unrelated persons or having a mix of both. Examples of unrelated households are boarding houses, messes, hostels, residential hotels, rescue homes, jails, ashrams, etc. These are called "Institutional Households". There may be one member households, 2 member households or multimember households. For census purposes each one of these types is regarded as a "Household".

39. यदि असंबन्धित व्यक्तियों का समूह एक जनगणना मकान में रहता हो लेकिन वे एक रसोई से खाना नहीं खाते हों तो उन्हें सस्थागत परिवार नहीं माना जाएगा। प्रत्येक ऐसे व्यक्ति को एक अलग परिवार माना जाना चाहिए। जनगणना मकान में रहने वाले व्यक्ति एक परिवार के सदस्य हैं या नहीं हैं, इसे जानने के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात है सामूहिक रसोई का होना।

40. प्रत्येक परिवार को पहचान नम्बर दिया जाए। चूंकि परिवार किसी न किसी भवन जनगणना मकान से सम्बन्धित होगा इसलिए भवन/जनगणना मकान के दरवाजे पर केवल भवन और जनगणना मकान नम्बर ही लिखा जाए। परिवार का नम्बर न लिखा जाए।

मकानसूची भरना

41. नजरी नक्शा/खाका तैयार करने और भवनों/जनगणना मकानों पर नम्बर डालने के बाद अलग कदम उन्हें मकानसूची में सूची–बद्ध करना है।

42. 1991 की जनगणना में सभी क्षेत्रों में अपनाई जाने वाली मकानसूची के फार्म का नमूना इस पुस्तक के अन्त में अनुलग्नक "ङ" पर दिया गया है।

43. मकानसूची भरने में निम्नलिखित अनुदेश आपका मार्ग दर्शन करेंगे।

44. मकानसूची फार्म में सबसे ऊपर राज्य का नाम, जिले का नाम, तालुक/तहसील/पुलिस स्टेशन/विकास खण्ड/सर्कल का नाम, ग्राम/शहर का नाम, वार्ड/मुहल्ला/हैमलेट का नाम और/या नम्बर, प्रगणक का ब्लाक नम्बर और इन सबके कोड नम्बर लिखने हैं। उक्त प्रविष्टियों का सामूहिक नाम "लोकेशन कोड नम्बर" है जिसे बड़ी सावधानीपूर्वक भरें। लोकेशन कोड ही एक ऐसा तरीका है जिससे किसी राज्य को प्रत्येक जिले के किसी भी तहसील/पुलिस स्टेशन के प्रत्येक ग्राम या नगर के प्रगणक ब्लाक को नम्बरों के समूह द्वारा पहचाना जा सकता है। इस प्रयोजन के लिए प्रत्येक राज्य, जिले, तहसील या पुलिस स्टेशन और ग्राम या नगर, वार्ड/मुहल्ला, हैमलेट और प्रगणक के ब्लाक को कोड नम्बर दिये गये हैं। आपके चार्ज अधिकारी या सुपरवाइजर ने आपको संबंधित जिले, तहसील या पुलिस स्टेशन और ग्राम या नगर, वार्ड/मुहल्ला और प्रगणक के ब्लाक का कोड नम्बर सूचित कर दिया होगा। आपको इन्हें केवल उचित जगह में विभिन्न क्षेत्रीय इकाइयों के नामों के सामने लिखना होगा। कृपया यह नोट करें कि नगर का नम्बर रोमन अंकों में (I, II, III, IV आदि) दिया जाना है एवं ग्राम के नम्बरों को अरबी अंकों में (1, 2, 3, 4, आदि) लिखना है ताकि दोनों का अन्तर स्पष्ट हो। आप अपने ब्लाक की मकानसूची पर क्रमवार पृष्ठ नम्बर दें। विकास खण्ड का नाम और इसका नम्बर सुपरवाइजर या चार्ज अधिकारी द्वारा आपको दिया जायेगा। आपको इसे इस के लिए निश्चित स्थान पर लिखना है। राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में जहां जिले के बाद अगली इकाई विकास खण्ड है उस के लिए विकास खण्ड का नाम व नम्बर दोबारा से लिखे जायेंगे।

कालम 1 : लाइन नम्बर

45. मकान सूची में प्रत्येक लाइन को क्रमानुसार नम्बर दिया जाना है आपके ब्लाक की समस्त प्रविष्टियों को लगातार एक ही क्रम में दर्ज किया जाना है। नम्बर देने के लिए अरबी अंकों को लिखना है। उदाहरण के लिए 1, 2, 3, 4 आदि।

कालम 2 : भवन नम्बर (नगर पालिका या स्थानीय प्राधिकारी या जनगणना द्वारा दिया गया नम्बर)

46. भवनों पर नम्बर देने की विधि विस्तार से पैरा नम्बर 28 में बताई जा चुकी है।

47. इसके अनुसार खाका बनाते समय खाके में दिखाए गए भवनों में से प्रत्येक को आपने नम्बर दे दिया होगा। जहां पर नगरपालिका या स्थानीय प्राधिकारी द्वारा नम्बर देने की विधि सन्तोषजनक है वहां आपने उसी विधि को अपना लिया होगा और इन नम्बरों को खाके में दे दिया होगा। ऐसे मामलों में जहां नगरपालिका या स्थानीय प्राधिकारी द्वारा नम्बर देने की विधि सन्तोषजनक नहीं है, आपने पहले बताए गये तरीके के अनुसार व्यवस्थित ढंग से भवनों को नम्बर दे दिए होंगे और उन्हें खाके पर दर्शित कर दिया होगा।

48. उपर वर्णित तरीकों में से किसी भी तरीके से खाके में दिए गए नम्बर जो पहले से ही भवन पर दिए हुए होंगे या आपके द्वारा भवन पर लिख दिए गए होंगे, उन्हें इस कालम में दर्ज करना है।

49. भवनों पर नम्बर देने के लिए अरबी अंकों (जैसे 1, 2, 3. . .) का प्रयोग किया जाए। ऐसे मामलों में जहां पहले से ही भवनों में संतोषजनक नम्बर मौजूद हों वहां स्पष्टतः यह अनुदेश लागू नहीं होंगे।

50. अनेक नगरों में ऐसी कई बड़ी कालोनियां हैं जहां फ्लैटों के ब्लाक हैं। सामान्यतः ऐसे ब्लाक को एक भवन नम्बर दिया जाना चाहिए और उनमें स्थित फ्लैटों को अलग–अलग जनगणना मकान मानकर भवन के उप-नम्बर दिए जाने चाहिए। परन्तु संभव है इसके विपरीत स्थानीय अधिकारियों ने इस प्रकार के फ्लैटों को लगातार नम्बर दे दिए हों। इस प्रकार की स्थिति दिल्ली, मद्रास, बम्बई आदि नगरों और सरकारी कालोनियों में हैं। ये अनुदेश पहले ही दिए जा चुके हैं कि जो नम्बर स्थानीय अधिकारियों द्वारा दिए गए हैं उन्हीं को अपना लिया जाए। ऐसे मामले में आपको चाहिए कि आप उन्हीं नम्बरों को मकानसूची के कालम 2 और 3 में दर्ज करें क्योंकि ऐसे भवनों को अलग से नम्बर नहीं दिए जा रहे हैं। तथापि यह सुनिश्चित

39. If a group of persons who are unrelated to each other live in a census house but do not have their meals from a common kitchen, then they would not constitute an institutional household. Each such person should be treated as a separate household. The important link in finding out whether there is a household or not is a common kitchen.

40. Each household will be listed according to the instructions that follow and a distinguishing number allotted to each household. As each household will be related to the physical structure of a census house, the household number as such need not be painted on the door of each census house. Only the building and census house number will be painted.

Houselisting

41. After the preparation of the notional mpas and lay-out sketches (containing house numbers) and the numbering of the houses, the next step is to list them in a prescribed schedule, namely, the houselist.

42. At the 1991 census, a houselist form will be canvassed on universal basis. Specimen form of the schedule to be so canvassed is given as Annexe 'E' at the end of this book.

43. The instructions given below will guide you in filling up the houselist.

44. On the top of the houselist form, provision is made to note the name of the State with Code No., District with Code No., Name of Tehsil/Taluka/Police Station/Development Block/Circle and its Code No., Name of Village/Town and its Code No., Name or No. of Ward/Mohalla/Hamlet and Enumerator's Block No. These entries which will be referred to as "Location Code" hereafter are to be filled in by you very carefully. The Location Code is the method by which every village or town in any tehsil or police station in every district of a state is identified by a combination of numbers. For this purpose every state, district, tehsil or police station, village or town, ward/mohalla/hamlet and enumerator's block in your state would have been allotted code numbers. Your Charge Officer or Supervisor would have indicated to you the state, district, tehsil or police station and the village or town, ward/mohalla/hamlet and enumerator's block code numbers allotted to you. You will have to enter these numbers in the relevant spaces against the names of the various jurisdictional units. *Please note that the town number is to be given in Roman figures (I, II, III, IV, etc.) to distinguish it from the village number which will be indicated by Arabic numerals* (1, 2, 3, 4, *etc.*). You should enter page number of the houselist continuously for your block.

You will also be provided by your supervisor or charge officer the name of the Development Block and its code number. You have to enter the same in the space provided for this. In States/UTs where the Development Block is the next unit below the District ,the name and the code number will be repeated here.

Col. 1 : Line No.

45. Every line in the Houselist is to be numbered serially. The serial numbers should be contituous for your block. Arabic numerals should be used for this purpose, e.g., 1, 2, 3, 4, etc.

Col. 2 : Building No. (municipal or local authority or census No.)

46. Some municipal towns may have a satisfactory system of numbering the buildings and after preparation of the lay-out sketch of your area, you would have given the same number of the building located on the sketch.

47. While preparing the lay-out sketch in the manner described earlier you will have assigned building numbers to each of the buildings shown in the lay-out sketch. Where the numbering system of the municipality or local authority is satisfactory, you would have adopted it and given these numbers in the lay-out sketch. In cases, where this numbering system by the municipality or local authority is not satisfactory, you would have given numbers to the buildings in a systematic manner as described earlier and it is this numbering system adopted by you that would have to be indicated in the lay-out sketch. Of course, you might have had to merely update or revise the numbering system that already exists in some cases. There can also be cases where no numbering system existed earlier. In these cases you would have numbered the buildings and assigned them numbers in the lay-out sketch. Where the numbers in any of the systems have not been indicated on the buildings themselves, you would also have painted them as mentioned earlier. Irrespective of the situation, you would have assigned a number to every building in the lay-out sketch.

48. The number which has been assigned in the lay-out sketch in any of the system described above and which has already been put on the building or which might have been painted by you on the building should be entered in this column.

49. Arabic numbers (e.g. 1, 2, 3, ...) should be used for building numbers. In cases where there are numbers already present and painted or fixed, these instructions naturally will not apply. These instructions will apply entirely depending on local circumstances.

50. In many cases there may be large colonies or blocks of flats where continuous serial numbering has been adopted by the local authorities. Strictly speaking, each building in which there may be a set of flats should be given a building number and the flats themselves given census house numbers. However, local authorities may have numbered the flats continuously without reference to the separate buildings. Such situations exist in Delhi, Madras, Bombay, etc. and in official colonies. In such cases we need not change the numbering system and may adopt it as such. In such cases you will obviously have to enter the same number in columns 2 and 3 of the houselist since a separate building

करने के लिए कि सभी भवनों को नम्बर दिए जा चुके हैं, आप कालम 2 में एक ब्रैकेट लगाएं जिसके अन्तर्गत उन सभी फ्लैटों के नम्बर होने चाहिए जो एक भवन के अन्तर्गत आते हों। यह काम निम्नलिखित तरीके से किया जाना है।

मकान सूची

लाइन नम्बर	भवन नम्बर (नगरपालिका या स्थानीय प्राधिकारी या जनगणना द्वारा दिया गया नम्बर)	जनगणना मकान नम्बर
1	2	3
1	215	215
2	216	216
3	217	217
4	218	218
5	219	219
6	220	220
7	221	221
8	222	222

नोट:— दिए गए उदाहरण में प्रत्येक भवन के चार फ्लैट हैं।

कालम 3 : जनगणना मकान नम्बर

51. यह पहले से ही विस्तृत रूप में बताया जा चुका है कि जनगणना मकान क्या है? परिभाषा को फिर से दोहराते हुए जनगणना मकान एक भवन या भवन का वह भाग है जिसका अलग मुख्य प्रवेश द्वार है। यह द्वार रास्ते पर या साझे के अहाते, बरामदे या जीने इत्यादि में हो सकता है किन्तु यह जनगणना मकान एक पृथक इकाई की तरह प्रयोग होना चाहिए या समझा जाना चाहिए। हो सकता है कि वह खाली हो या किसी तरह के उपयोग में आता हो, हो सकता है कि वह रहने के काम में आता हो या गैर–आवासीय उपयोग में या दोनों ही प्रकार के उपयोग में आता हो। जैसे आवास, दुकान, दुकान–सह–आवास, पेट्रोल पम्प, वर्कशाप तथा स्कूल आदि।

52. दिए गए अनुदेशों के अनुसार ही आपने किसी भवन या उसके किसी भाग को जनगणना मकान नम्बर दे दिया होगा। वह नम्बर इस कालम में लिखा जाना है। यह ध्यान रखें कि एक ही भवन के अन्दर के जनगणना मकानों को नम्बर एक ही क्रम में दिए जाएं जो वृत्ताकार (Clockwise) या अन्य कोई सुविधाजनक तरीके में होगा। यदि किसी भवन में कई फ्लैट या ब्लाक हों जिनका अपना अलग–अलग प्रवेश द्वारा हो और वे एक दूसरे से स्वतंत्र हों तथा किसी साझे की सड़क या सीढ़ियों या आंगन से उस भवन के मुख्य द्वार से जुड़े हों तो उन्हें अलग–अलग जनगणना मकान गिना जायेगा यदि एक अहाते में स्थित विभिन्न–संरचनाओं को एक भवन माना गया है, तो प्रत्येक ऐसी संरचना को जिसका अलग प्रवेश द्वार हो अलग–अलग जनगणना मकान समझा जाएगा।

53. कभी–कभी भवन के विभिन्न भागों में या कमरों के समूहों में या अकेले कमरों में विभिन्न परिवार रहते हैं। यदि इन विभिन्न भागों के अलग–अलग प्रवेश द्वार, साझे के बरामदों, सीढ़ियों या आंगन से हों तो ऐसे प्रत्येक भाग को अलग–अलग जनगणना मकान समझा जायेगा।

54. यदि किसी भवन में एक ही जनगणना मकान है तो इस कालम में नोट किया जाने वाला जनगणना मकान नम्बर वही होगा जो पहले कालम 2 में लिखा गया उस भवन का नम्बर है। लेकिन यदि भवन में ऐसे कई भाग हैं जिन्हें परिभाषा के अनुसार अलग–अलग जनगणना मकान गिना जाना है तो जनगणना मकान नम्बर भवन नम्बर के साथ ब्रैकेट में उप–नम्बर देकर निश्चित किया जायेगा, जैसे 9(1), 9(2).... 12 (1), 12(2), 12(3).....आदि।

टिप्पणी : यह ध्यान रखें कि जनगणना मकानों को उप–नम्बर ब्रैकेट में दिए जाएंगे जैसे 9(1), 9(2), आदि। इन्हें आप 9/1 या 9/2 नम्बर न दें क्योंकि यह पद्धति तो ऐसे नए भवन के लिए अपनाई गई है जिसे पहले नम्बर नहीं दिया गया है और जो 9 नम्बर के बाद और 10 नम्बर से पहले आता है।

कालम 4, 5 और 6 : जनगणना मकान में लगी प्रमुख सामग्री

55. इस प्रश्न को तीन भागों में बांटा गया है अर्थात् (क) दीवार की सामग्री, (ख) छत की सामग्री और (ग) फर्श की सामग्री। आपकी सुविधा के लिए प्रत्येक मद अर्थात् दीवार, छत और फर्श में लगी मुख्य निर्माण सामग्री का विवरण मकानसूची के नीचे आयताकार खानों के अन्तर्गत दिया गया है। हर प्रकार के सामग्री वर्ग के लिए कोड नम्बर दिया गया है। आपको केवल उपयोग में, लाई गई सामग्री का पता करना है और उसे क्रमशः दीवार, छत और फर्श बनाने के उपयोग में लाई गई सामग्री को आयताकार खाने में दिए गए विवरण के अनुसार कालम 4–6 तक के खाने में उपयुक्त कोड नम्बर भरना है।

umber is now not being given. However, to ensure that all buildings have been covered, you should put a bracket in column 2 enclosing all those flat numbers which are located in one single building unit. The manner in which this is done is indicated below :

Houselist

Line No.	Building No. (Municipal or local authority or Census No.)	Census House No.
1	2	3
1	215	215
2	216	216
3	217	217
4	218	218
5	219	219
6	220	220
7	221	221
8	222	222

Note : In the example given, each building consists of 4 flats.

Col. 3 : Census House No.

51. What is a census house has already been described in detail earlier. To recall the definition a census house is a structure or part of a structure with a separate entrance which may be inhabited or vacant and which may be used for any purpose by human beings such as dwelling, a shop, a shop-cum-dwelling, a place of worship or a place of business, workshop, school, etc.

52. In accordance with the instructions, you would have allotted census house number to a building or to part of a building. If there is only one census house in the building, then the number of the census house will be the same as the building number. This will be repeated in this column. If a building has a number of flats or blocks which have separate entrances of their own and are independent of each other giving on the road or a common staircase or a common courtyard leading to the main gate, they will be considered as separate census houses. If all the structures within an enclosed compound are together treated as one building then each structure with a separate entrance should be treated as a separate census house. The order in which census houses within a building should be numbered, should be continuous, preferably clockwise or in any convenient manner if at all it is difficult to do it clockwise.

53. Sometimes a building which may form a single structure may be occupied in its different parts or suites of rooms or even some single rooms by different households. These individual parts are likely to have separate entrances from a common Verandah, staircase or a courtyard . Then each of these parts would assume the character of a separate census house.

54. The census house number to be noted in this column will be the same as the building number already noted in column 2, if the building is by itself a single census house. But if the building is made up of portions each of which has been treated as a separate census house according to the definition, then each of these census houses will bear the building number with a separate sub-number in brackets for each census house, e.g., 9(1), 9(2)...., 12(1), 12(2), 12(3).. etc.

NOTE : You should not indicate the number as 9/1 or 9/2 etc., as this method will be used in the assignment of a number to a new building not previously numbered that has come up after building No. 9 and before No. 10.

Cols. 4, 5 & 6 : Predominant construction material of the census house

55. This question has been divided into three parts, *i.e.*, (a) material of wall; (b) material of roof; (c) material of floor. For your convenience the description of the predominant construction material has been indicated at the bottom of houselist under each item, *i.e.*, wall, roof and floor. A numerical code for a group of materials has been indicated. What you have to do is to enquire about the material and enter the appropriate code in Cols. 4—6 for each of the materials of wall, roof and floor respectively.

कालम 4 : दीवार की सामग्री

56. दीवार की सामग्री के लिए दस कोड अनुसूची में दिए गए हैं। दीवार की सामग्री का पता करने के लिए आपको यह देखना है कि मकान की दीवार के मुख्य भाग को बनाने में अधिकतर कौन सी सामग्री उपयोग में लायी गई है और तदनुसार उपयुक्त कोड नम्बर छांटें। इस प्रकार छांटे गए कोड को कालम 4 में भरें। (—) डैश वहां पर दर्ज होगा जहां संरचना दिवार रहित लेकिन पिलर सहित है।

कालम 5 : छत की सामग्री

57. छत की सामग्री के लिए आठ कोड नम्बर दिए गए हैं।। छत की सामग्री में आपको छत बनाने में उसके बाहारी हिस्से में लगी सामग्री जैसे टाइलें, फूस, लोहे या जस्ते की नालीदार या अन्य धातु की चादरें, एस्बेस्टस सीमेंट की चादरें या कंकरीट, लकड़ी, मिट्टी आदि को देखना है अर्थात वह सामग्री जिस पर मोसम का प्रभाव पड़ता है नकि वह जो भीतरी छत के उपयोग में लाई गई है। मुख्यतः यदि छत मुख्यतः ईंटों और पत्थरों की बनी है और उसका पलस्तर गारे, सीमेंट या चूने का है तो ऐसे मामलों में छत का सामान गारा, सीमेंट या चूना नहीं होगा बल्कि ईट और पत्थर आदि होंगे जिनसे छत बनाई गई है। बहुमंजिले भवनों के लिए नीचे की मंजिल की छत उसके ऊपर की मंजिल का फर्श होगी। अतः उसको बनाने में लगी सामग्री का पता करने के बाद आप कालम 5 के सामने दिए गए खाने में उपयुक्त कोड नम्बर लिखें

कालम 6 : फर्श की सामग्री

58. फर्श की सामग्री के लिए अनुसूची में सात कोड दिए गए हैं। फर्श की सामग्री के लिए भी आपको उसमें लगी अधिकांश सामग्री को ही देखना है। उदाहरण के लिए, यदि किसी भवन की केवल बैठक का फर्श पच्चीकारी (मोजेक) से बना है और बाकी सभी कमरों और बरामदों का फर्श सीमेंट का बना हो तो फर्श की सामग्री सीमेंट ही होगी अर्थात् कोड नं० 5 लिखा जाएगा। इसी तरह किसी भवन के गुसलखाने का फर्श टाइलों से बना हो और बाकी सभी कमरों का फर्श सीमेंट का बना हो तो फर्श की सामग्री, "सीमेंट" ही लिखी जाएगी। बहुमंजिले भवनों के लिए ऊपरी मंजिल के फर्श की सामग्री ऊपर बताए अनुसार ही लिखी जाएगी। यह आवश्यक नहीं है कि बहुमंजिले भवनों के बीच की छतों की सामग्री उनके ऊपर की मंजिलों के फर्श की सामग्री के समान ही हो। उदाहरण के लिए, दो मंजिल वाले भवन के लिए निचली मंजिल की छत आर० सी० सी० की हो सकती है जब कि ऊपर की मंजिल के फर्श की सामग्री मोजैक हो सकती है।

58.1 इस बात का ध्यान रखें कि दीवार, छत और फर्श की सामग्री दर्ज करने के लिए आपको इस प्रश्न के सामने दिए गए खाने में केवल कोड नम्बर देना है न कि विवरण।

कालम 7 : जनगणना मकान किस उपयोग में आता है (यदि पूर्णतः या अंशतः एक या अनेक उद्यमों के लिए उपयोग में लाया जाता है तो उद्यम सूची भरें—

59. जनगणना मकान का वास्तविक उपयोग क्या है इसे इस कालम में लिखें। आपको याद होगा कि जनगणना मकान एक प्रयोजन क लिए एक ही समय में अनेक प्रयोजनों के लिए उपयोग में लाया जा सकता है। उदाहरण स्वरूप जनगणना मकान के उपयोगों के विभिन्न प्रकारों का वणन नीचे दिया गया है। यह महत्वपूर्ण है कि जहां तक सम्भव हो उस प्रयोजन का विस्तार से वर्णन करें जिसके लिए जनगणना मकान का उपयोग किया जाता है।

(1) निवास, दुकान–सह–निवास, वर्कशाप–सह–निवास, आदि।

(2) कारखाना/वर्कशाप या वर्कशेड आदि : 'कारखाना' तभी लिखें यदि यह इण्डियन फैक्ट्री एक्ट के अन्तर्ग त पंजीकृत है। ऐसा प्रतिष्ठान जहां शक्ति (Power) का उपयोग होता हो तथा उसमें 10 या उससे अधिक व्यक्ति कार्यरत है या जो बिना 'पावर' के चलता हो और 20 या उससे अधिक व्यक्ति उसमें कार्यरत हों वह कारखाना माना जाएगा (कारखानों के विस्तृत वर्णन के लिए कृपया अनुलग्नक 'झ' देखें)। 'वर्कशाप' ऐसी जगह है जहां किसी भी प्रकार का उत्पादन, मरम्मत, सर्विसिंग की जाती है या जहां सामान या वस्तुएं बनाई जाती हैं और बेची जाती हैं लेकिन वह कारखाना होने के लिए पर्याप्त बड़ा नहीं है। यह आवश्यक नहीं कि वहां कुछ मशीनरी होनी चाहिए। ऐसा स्थान भी जहां पारिवारिक उद्योग है अर्थात् जहां हथकरघा, बीड़ी बनाना, पापड़ बनाना, खिलौने आदि बनाने का काम किया जाता है तो उसे यहां 'वर्कशाप' ही लिखना चाहिए। यदि इसे निवास के लिए भी उपयोग किया जाता है तो इस वर्कशाप–सह–निवास लिखा जाना चाहिए। इस बात की अच्छी तरह पूछताछ कीजिए कि क्या मकान किसी प्रकार का सामान बनाने या कुछ प्रोसस करने या कुछ मरम्मत करने के लिए उपयोग किया जाता है या नहीं ? क्योंकि ऐसी बातें सरसरी तौर पर देखने में नहीं आती हैं, विशेष तौर से जबकि पारिवारिक उद्योग के आधार पर कार्य किया जा रहा हो।

(3) दुकान : दुकान ऐसी जगह है जहां से नकद या उधार सामान खरीदा और या बेचा जाता है।

(4) कार्यालय, व्यापार भवन, बैंक आदि : व्यापार भवन वह है जिसमें रुपये-पैसे या अन्य वस्तुओं का कारोबार होता है।

Col. 4 : Material of wall

56. For material of wall, 10 codes have been provided which are indicated in the schedule itself. In order to determine the material of wall you have to take into account the material out of which the major portions of the walls of the house are made and then select the appropriate code. The code thus selected should be entered in Col. 4. Dash (—) will be entered in case of structures with pillars without walls.

Col. 5 : Material of roof

57. For material of roof, 8 codes have been provided. These are indicated in the schedule itself. For determining the material of the roof, you have to take into account the material out of which the outer roof exposed to the weather and not the ceiling, is made, *i.e.*, tiles, thatch, corrugated iron, zinc or asebestos cement sheets, or concrete, wood, mud, etc. If the roof is mainly made of bricks and stone and has a mud plaster, cement plaster or lime plaster exposed to the sky, the material of roof in such cases will not be mud, cement or lime but it will be bricks, stone, etc., which constitute the fabric of the roof. In multi-storeyed buildings the itervening floor will constitute the roof of the lower floor. After ascertaining the material of the roof you have to give the suitable numerical code in Col. 5.

Col. 6 : Material of floor

58. For material of floor, 7 codes have been provided as indicated in the schedule itself. For the material of floor you have again to take the major portion of material out of which the floor of the house is made, for example, if in a house only the drawing room has mosaic floor while all other rooms and corridors have just cement flooring, the material of floor to be recorded there will be cement, *i.e.*, code 5. Again, if a house has tiled floor in the bath room and all other rooms have cement floor the material of floor will against be 'cement.' For multi-storeyed buildings the floor of the upper storeys will be determined in the usual manner as discussed above. It may be noted that the material of the roof of the intervening floors of multi-storeyed buildings does not automatically become the material of floor of the upper storeys. The floor material of the upper storey could be different from the fabric of the roof for the lower storey. For example, in a two storeyed buildings, the roof of the ground floor could be RCC while the floor material of the first floor could be mosaic.

58.1. It is again emphasised that while recording the materials of wall, roof and floor, you have only to give the code number in the columns provided for this purpose and not description.

Col. 7 : Purpose for which census house is used. (If wholy or partly used for running one or more enterprises, fill enterprise list)

59. The actual use to which a census house is put has to be recorded in this column. As you will recall, a census house can be used for a single purpose or for various purposes at the same time. To illustrate the types of uses, to which the census houses can be put, certain examples are given below. These are illustrative and you should not feel that you should enter only what is mentioned here but it is important for you to use this as guideline and *write the description of the purpose for which the census house is used as fully as possible.*

(*i*) Residence, shop-*cum*-residence, workshop-*cum*-residence, etc.

(*ii*) Factory/workshop and workshed etc. "Factory" should be written if it is registered under the Indian Factories Act (Please see Annexure 'I'). An establishment using power and employing 10 or more persons or which is run without use of power and employing 20 or more persons is a factory. A 'workshop' is a place where any kind of production, repair or servicing goes on or where goods and articles are made and sold, but is not large enough to be a factory. It is not necessary that some machinery should exist. Even a place where some household industry such as say, handloom weaving, *biri rolling*, papad making, toy making, etc., is carried on, should be noted as a workshop. If it is also used as a residence it should be noted as workshop-*cum*-residence. Make searching enquiry if a house is used for the purpose of production of any goods or for some processing or repairing even on a household industry basis, as these are not likely to be apparent to a casual observer.

(*iii*) Shop : A shop is a place where articles are bought and/or sold for cash or for credit.

(*iv*) Office, business house, bank, etc. : Business house is that where transactions in money or other articles take place.

(5) अस्पताल, औषधालय, स्वास्थ्य केन्द्र, डाक्टर का क्लिनिक आदि ।

(6) विद्यालय या अन्य शैक्षिक संस्थान ।

(7) होटल, सराय, धर्मशाला, टूरिस्ट हाउस, निरीक्षण-गृह आदि ।

(8) रेस्टोरेंट, मिठाई की दुकान और होटल (मिठाई की ऐसी दुकान जहां मिठाई बनाई और बेची जाती है उसे वर्कशाप दर्ज करें)

(9) मनोरंजन का स्थान : उदाहरण के लिए, सिनेमा थियेटर, कम्युनिटी हाल (पंचायत घर) आदि ।

(10) पूजा का स्थान आदि उदाहरण के लिए, मन्दिर, चर्च, मस्जिद, गुरुद्वारा आदि ।

(11) संस्थान : उदाहरण के लिए, अनाथ-आश्रम, उद्धार-गृह, जेल, बाल सुधार-गृह, बाल-बाड़ी आदि ।

(12) अन्य : उदाहरण के लिए, पशु-शैड, गैरेज, गोदाम, लाउंडरी, पैट्रोल-पम्प, यात्री विश्राम-गृह आदि ।

(प्रत्येक मामले में वास्तविक उपयोग का विस्तृत वर्णन करें) ।

कालम 7 में प्रविष्टि लाइन पर करें और बिन्दीदार खाने में कुछ न लिखें ।

60. ऐसे भी कुछ मामले होंगे जहां जनगणना मकानों को केवल मौसमी (Seasonal) कामों के लिए उपयोग में लाया जाता हो और मकानसूची बनाते समय वह मौसमी काम नहीं हो रहा हो । इस प्रकार के मौसमी काम हैं, तेल मिल (घानी), गुड़ बनाना आदि । यह आवश्यक है कि इस प्रकार के जनगणना मकान में किए जाने वाले मौसमी काम को भी इस कालम में दर्ज किया जाए । इसलिए आपको चाहिए कि इस प्रकार के कार्यकलापों के बारे में पूछताछ करें ताकि जनगणना मकानों का उपयोग करने के बारे में पूर्ण जानकारी प्राप्त हो सके । तथापि मकान सूची भरते समय ऐसे भी मामले हो सकते हैं जबकि इस प्रकार के जनगणना मकानों को अन्य उपयोग में लाया जा रहा हो, जैसे निवास के लिए । ऐसी स्थिति में आपके उस मकान पर जाने के समय वह जिस उपयोग में लाया जा रहा हो, उसे भी दर्ज करें । ऐसे जनगणना मकानों के मामलों में जहां आपने उनका मौसमी उपयोग कालम 7 में नोट किया है वहां कृपया यह भी लिखें कि यह उपयोग 'मौसमी' है ।

महत्वपूर्ण :

61. यदि मकानसूची भरते समय जनगणना मकान खाली पाया जाता है तो इस कालम में 'खाली' लिखें । खाली होने के कारण जैसे 'टूटा-फूटा', 'मरम्मत में', 'अधूरा निर्माण', किराए पर देने के लिए' आदि को 'अन्य विवरण' कालम में लिखें । इसके अतिरिक्त यदि किसी जनगणना मकान में ताला लगा पाया जाता है जिसके निवासी यात्रा/तीर्थ-यात्रा पर गए हुए हैं तो उसे 'खाली' न दिखाया जाए, बल्कि उसका जिस प्रयोजन के लिए उपयोग किया जाता रहा है, यहां पर लिखा जाए और उसके निवासी यात्रा तीर्थ -यात्रा आदि पर गए हैं तो 'अन्य विवरण' कालम अर्थात् कालम 24 में लिखें कि मकान में ताला लगा है; निवासी यात्रा/तीर्थ-यात्रा आदि पर गए हैं । यदि किसी मकान में एक से अधिक परिवार रहते हैं तो कालम 7 में बाद की लाइनों में 'आवास' शब्द बार-बार न लिखें ।

62. यदि कोई विशिष्ट जनगणना मकान पूर्णतः या अंशतः एक या अनेक उद्यमों के लिए उपयोग में लाया जाता है, तो पहले आप इस कालम में जनगणना मकान किस उपयोग में लाया जाता है, दर्ज करें । तत्पश्चात् आपको उद्यम सूची में ऐसे उद्यम या उद्यमों का विवरण अलग से दिए गए अनुदेशों के अनुसार दर्ज करना है ।

उद्यम (Enterprise)

63. उद्यम वह उपक्रम है जो किसी माल के उत्पादन और/या वितरण और/या किसी ऐसे सर्विस में लगा हो, जो केवल परिवार के अपने ही उपयोग के लिए न हो । किसी उद्यम के कर्मचारी परिवार के सदस्य या श्रमिक या दोनों हो सकते हैं । उद्यम का मालिक और उसे चलाने वाला एक परिवार या कई परिवार संयुक्त रूप में (साझेदारी में) या कोई संस्था हो सकती है । उद्यम का कार्य किसी एक जनगणना मकान में या एक से अधिक जनगणना मकानों में या जनगणना मकान के बाहर और खुले में, किया जा सकता है । किसी उद्यम का कार्य यदि वर्ष के कुछ हिस्से में परन्तु नियमित तौर पर चलता है, तो उसे भी उद्यम कहा जाएगा । कालम 7 में केवल उन्हीं उद्यमों का विवरण दर्ज करना है जिनका कार्य जनगणना मकान के अन्दर होता हो ।

64. यह संभव कि एक जनगणना मकान में एक से अधिक उद्यम चलते हों । यदि ये उद्यम किसी एक ही व्यक्ति अथवा एक ही परिवार के द्वारा संचालित हों परन्तु उनका लेखा-जोखा अलग-अलग रखा जाता हो, तो ऐसी स्थिति में उनकी गणना अलग-अलग उद्यमों के रूप में की जाएगी दूसरी ओर उन मामलों में जहां पृथक लेखा-जोखा नहीं रखा जाता है वहां मुख्य कार्य-कलाप से सम्बन्धित केवल एक ही उद्यम होगा । मुख्य कार्य कलाप आय, उत्पादन अथवा कार्य करने वाले व्यक्तियों की संख्या के आधार पर निश्चित किया जा सकता है । उदाहरण के लिए यदि एक दर्जी कपड़ा भी बेचता है परन्तु दर्जीगिरी और कपड़ा बेचने का अलग-अलग लेखा-जोखा नहीं रखता है तब आपको इस बात का पता लगाना होगा कि उसे किस कार्य-कलाप से अधिक आय होती है या किसमें उसने अधिक व्यक्ति लगाए हैं । यही कार्य-कलाप ही उसका मुख्य उद्यम माना जाएगा ।

65. जिन उद्यमों का काम-जनगणना मकान के बाहर और खुले में होता हो, उन्हें कालम 20 में दर्ज किया जाएगा । इस बारे में बाद में चर्चा की जाएगी ।

(*v*) Hospital, dispensary, health centre, doctor's clinic, etc.

(*vi*) School and other educational institutions.

(*vii*) Hotel, sarai, dharmshala, tourist house, inspection house etc.

(*viii*) Restaurant, sweetmeat shop and eating place : (A sweetmeat shop where sweetmeat is being made and sold should be recorded as workshop).

(*ix*) Place of entertainment :

Examples—Cinema house, theatre, community hall (panchayat ghar) etc.

(*x*) Place of worship, etc.

Examples—Temple, church, mosque, gurudwara, etc.

(*xi*) Institutions :

Examples—Orphanage, rescue home, jail, reformatory, children's care home, etc.

(*xii*) Others :

Examples—Cattle-Shed, garage, godown, laundry, petrol filling station, passenger's shelter, etc.
(the exact use to be fully described in each case).

60. Column 7 refers to the purpose for which a census house is used. There will be some cases where census houses are used only for seasonal activities and at the time the houselisting is carried out by you, this seasonal activity may not be taking place. Such seasonal activities would be oil-mills (Ghani), Gur-making in sheds, etc. It is necessary that seasonal use of such census house for running of an establishment is recognised and that this seasonal use is noted in the column. You should, therefore, make enquiries regarding such activities so that the complete picture regarding the use of the census house is available. However, at the time of houselisting, there may be cases where such census houses are being used for some other purpose such as a residence. Then the use to which this census house is being put at the time of your visit should, of course, be noted. In the case of census houses where their seasonal use has been noted by you in column 7 please write in the same column that this use is "Seasonal."

Important

61. If the census house is found vacant, *i.e.,* if no person is living in it at the time of houselisting and it is not being used for any purpose, write 'vacant' in this column. These reason for vacancy such as "dilapidated," 'under repair', 'incomplete construction,' 'want of tenant,' etc., may be recorded in the 'Remarks' column. If on the other hand the census house is found locked because the occupants have gone on a journey or pilgrimage, then it should not be treated as 'vacant' but the use to which it is put should be recorded here and the fact that the occupants have gone on a journey or piligrimage noted in hte 'Remarks column as 'House locked-occupants on journey/pilgrimage' etc. *If a census house has more than one household in it, do not repeat the word 'residence' in subsequent lines in column* 7.

62. If a particular census house is wholly or partly used for running one or more enterprises, you must first enter the use to which it is put in this column. Having done so, you will have to go to the enterprise list and enter details of such enterprise or enterprises there as will be described in the instructions for filling up the enterprise list which have been supplied to you separately.

Enterprises

63. An enterprise is an undertaking engaged in production and/or distribution of goods and/or services not for sole purpose of own consumption. The workers in an enterprise may consist of members of the household or hired workers or both. An enterprise may be owned and operated by one household or by several households jointly (on a partnership basis) or by an institutional body. The activities of an enterprise may be carried on in a single census house, in more than one census houses or in the open *i.e.,* without premises. The activity of the enterprise may also be carried on only for a part of the year but on a fairly regular basis. Such cases should also be considered as an enterprise. In column 7 details of only those enterprises which are carried on *within* census houses should be entered.

64. It is possible that more than one entrepreneurial activity is carried on in the same census house. If these activities are carried on by the same person or the same household but separate accounts are kept for each of these activities, they should be treated as separate enterprises. However, in cases where the activities cannot be distinguished from one another, there will be only one enterprise pertaining to the major activity. The major activity can be recognised on the basis of the value of income, turnover or number of persons employed depending on the information readily available during your enquiries. For example, if a tailor sells cloth also but does not maintain separate accounts for his tailoring activity and selling of cloth, then you should find out which is the major activity by inquiring from which activity he gets a greater income or in which he employs more people, etc. This will be the activity of the enterprise.

65. Enterprises which are carried on in the open, *i.e.,* without premises will be entered in column 20 as we shall see later.

66. कृपया ध्यान दें कि निम्नलिखित फसलों के उत्पादन को उद्यम नहीं माना जाएगा :

खाद्यान (धान, गेहुं, ज्वार, बाजरा, मक्का, रागी, जौ आदि)

दालें (अरहर, चना, मूंग, मसूर, उड़द आदि)

कपास

जूट, मेस्ता

सूरजमुखी (सनहैम्प) अन्य समरूप फसलें

तिलहन का उत्पादन जैसे तिल, मूंगफली, सरसों, अलसी, अरण्डी, तोरिया आदि ।

गन्ना

कन्द–मूल, सब्जियां, सिंघाड़ा, मिर्च और मसाले और फूल और पौधों के भाग ।

कृषि उत्पादन जिन्हें अन्यत्र वर्गीकृत नहीं किया गया है ।

चाय
काफी
रबड़
तम्बाकू
काली मिर्च
इलायची

खाने योग्य गिरीदार फल अर्थात्, अखरोट, बादाम, काजू आदि ।

नारियल और सुपारी का उत्पादन

फलों का उत्पादन जैसे केला, सेब, अंगूर, आम, संतरा आदि ।

गांजा, सिकोना, अफीम आदि का उत्पादन ।

बागान की फसलें जिन्हें अन्यत्र वर्गीकृत नहीं किया गया है (जैसे सुपारी, पान के पत्ते, कोको आदि)

महत्वपूर्ण : कृपया ध्यान दें कि यद्यपि, चाय, काफी, तम्बाकू आदि के उत्पादन को उद्यम नहीं माना गया है परन्तु यदि किसी जनगणना मकान में उनकी प्रोसेसिंग की जाती है तो उसे उद्यम माना जाएगा। इसी प्रकार नारियल, काजू की गिरी निकालना भी उद्यम होगा।

67. खान और खदान का काम या इससे सम्बन्धित उत्पादन, प्रोसेसिंग, मरम्मत या सर्विसिंग के कार्य उद्यम होंगे । इसी प्रकार गैस, भाप का उत्पादन, प्रेषण और वितरण, पानी की आपूर्ति, निर्माण, थोक या खुदरा व्यापार, होटल और रेस्टोरेन्ट, परिवहन, स्टोरेज, मालगोदाम, संचार, लेन–देन, बीमा, जमीन–जायदाद, का काम और व्यापारिक सेवाएं, सामुदायिक, सामाजिक और व्यक्तिगत सेवाएं, सार्वजनिक प्रशासन तथा रक्षा सेवाएं जैसे सरकारी कार्यालय, स्कूल, अस्पताल, मनोरंजन और सांस्कृतिक सेवाएं, सामुदायिक सेवाएं जैसे मन्दिर आदि भी उद्यम होंगे । साथ ही यह भी नोट करें कि पशुपालन और दूध–उत्पादन, ऊन उत्पादन के लिए भेड़–पालन, अन्य पशुओं का पालन जैसे सूअर पालन, मधुमक्खी पालन और शहद उत्पादन, रेशम के कीड़ों का पालन और कोकन व कच्चे रेशम का उत्पादन, शिकार करना, जानवरों को पकड़ना, ईंधन और अन्य जंगली उत्पादों का एकत्रीकरण और उनका विक्रय, जड़ी–बूटी, राल आदि पदार्थों का एकत्रीकरण, मछली पकड़ना और उन्हें बेचना, कृषि सेवाएं जैसे छिड़काव आदि सभी उद्यम कहलाएंगे । अन्य शब्दों में पशु पालन, कृषि सेवाएं, शिकार करना, जानवरों को पकड़ना और उनका शिकार करना, वन उद्योग (Forestry), लकड़ी काटना और मछली पकड़ना आदि कार्य भी उद्यम के अन्तर्गत आएंगे ।

अनुलग्नक 'ङ' में आर्थिक जनगणना की उद्यम सूची के अन्तर्गत आने वाले आर्थिक कार्य कलापों के स्थूल विवरण दिए गए हैं जिससे आपको कृषि और गैर–कृषि उद्यमों की पहचान करने और उनमें अन्तर करनें में सहायता मिलेगी ।

68. इस बात का ध्यान रखें कि जनगणना मकान के अन्दर चलाए जाने वाले उद्यमों की प्रविष्टि कालम 7 में करनी है और जनगणना मकान के बाहर बिना अहाते या खुले में चलाए जाने वाले उद्यमों की प्रविष्टि कालम 20 में करनी है।

बिना अहाते के उद्यम या तो किसी शापिंग सेंटर/मार्केट स्थल में चलाए जात हों या वे चलते-फिरते प्रकार के हो सकत हैं । चलते-फिरते सभी उद्यमों को कालम 20 के माध्यम से ही दर्ज किया जाना है । किसी मार्केट/शापिंग सेन्टर में नियत स्थान पर स्थित उद्यम दो प्रकार के होंगे अर्थात् (1)किसी दुकान जनगणना मकान के सामने या जनगणना मकान से जुड़े हुए स्थान में चलाए जा रहे उद्यम और (2) ऐसे उद्यम जो किसी शापिंग सेन्टर/मार्केट स्थल में खुले में किसी नियत स्थान पर अवस्थित हैं और जिन्हें किसी जनगणना मकान/दुकान के साथ संलग्न/जोड़ा नहीं जा सकता प्रथम प्रकार के उद्यमों को कालम 7 के माध्यम से और द्वितीय प्रकार के उद्यमों को कालम 20 के माध्यम से दर्ज किया जाएगा । उदाहरण के लिए किसी दुकान के एक कोने में या उसके सामने घड़ी साज का काम करने वाले को कालम 7 के माध्यम से दर्ज किया जाएगा जबकि किसी मार्केट/शापिंग सेन्टर में किसी नियत स्थान पर खुले में बैठे मोचियों को कालम 20 के माध्यम से दर्ज किया जाएगा ।

66. Please note that the growing of agricultural crops mentioned below should not be classified as enterprises :

Cereal crops (paddy, wheat, jowar, bajra, maize, ragi, barley, etc.).
Pulses (arhar, gram, moong, masur, urd, etc.).
Raw cotton
Raw jute, mesta
Sunnhemp and other kindred fibres
Production of oil seeds such as sesamum, groundnuts, mustard, linseed, castor, rape seed, etc.
Sugarcane
Roots and tubers, vegetables, singhara, chillies and spices and flowers and parts of plants
Agricultural production not elsewhere classified
Tea
Coffee
Rubber
Tobacco
Pepper
Cardamom
Edible nuts, e.g., walnut, almound, cashewnut, etc.
Production of coconut and arecanut
Producton of fruits, e.g., bananas, apples, grapes, mangoes, oranges, etc.
Productionof ganja, cinchona, opium, etc.
Crops of plantation, not elsewhere classified (e.g., betel leaves, cocoa, etc.).

Important : Please note that while growing of tea, coffee, tobacco, etc., should not be classified as an enterprises if in a census house these are processed, for example, curing of tea leaves, curing of tobacco, etc., then these activities of processing will have to be treated as enterprises. Similarly, manufacture of copra from coconut or the processing of cashewnuts will also be an enterprise.

67. Mining and quarrying or manufacturing, processing, repair or servicing activity are enterprises. Similarly activities relating to generation and transmission and distribution of gas, steam, water supply, construction, wholesale or retail trade, hotels and restaurants, transport, storage, warehousing, communication, financing, insurance real estate and business services,community, social and personal services,public administration and defence services such as government offices, schools, hospitals, recreation and cultural services, community services such as temples, etc., will also be enterprises. In addition, you must note that the rearing of cattle and production of milk, rearing of sheep for production of wool, rearing of other animals such as pigs, rearing of bees and production of honey, rearing of silk-worms and production of cocoons and raw silk, hunting, trapping, collection of fuel and other forest products and their sale, gathering of materials such as herbs, resins, etc., catching and selling of fish, providing agricultural services such as spraying, etc., are all enterprises. In other words, livestock production, agricultural services, hunting, trapping and game propagation, forestry and logging and fishing will also have to be classified as enterprises.

Annex 'J' gives a list of broad description of economic activities falling under the purview of Enterprise list of economic census which will also help you to identify and distinguish between agricultural and non-agricultural enterprises.

68. You will notice that an enterprise can be carried on within a census house or outside the census house without premises or in the open. The entries you make will be either in column 7 or column 20 depending on whether these enterprises are carried on within the census house or outside a census house without premises respectively.

The enterprises without premises are either carried on in a shopping centre/market place or of moving type. All enterprises of moving type are to be captured through col. 20. The enterprises which are having fixed locaton in a market place/shopping centre will be of two types viz., (*i*) enterprises operating in front of a shop/census house or attached to a census house and (*ii*) those having fixed location in the open air in a shopping centre/market place and cannot be attached/linked to a census house/shop. The enterprises of type (*i*) will be covered through col. 7 and the enterprises of type (*ii*) will be netted through col. 20. For example, watch repairer operating in one corner or in front of the shop will be netted through col. 7 whereas cobblers sitting in open at a fixed location in a market/shopping centre will be netted through col. 20.

69. **यह ध्यान रखें कि कोई कार्यकलाप उद्यम की श्रेणी में तभी आएगा जब वह केवल परिवार के अपने ही उपभोग के लिए नहीं हो,** उदाहरण के लिए, दूध उत्पादन के लिए पशुपालन का कार्यकलाप उद्यम है । परन्तु दूध का उत्पादन स्वयं के उपभोग के लिए किया जाता हो और सामान्यतः उसे बेचा न जाता हो, तो ऐसे कार्य को उद्यम नहीं माना जाएगा। जहां पशु पालने वाला व्यक्ति कभी-कभी दूध बेचता है तो भी उसे उद्यम नहीं कहा जाएगा । क्योंकि वह पशुपालन और दूध का उत्पादन सामान्यतः अपने ही उपभोग के लिए करता है । इसी प्रकार की जांच सूअर, मुर्गी, मधुमक्खी आदि पालने, लकड़ी एकत्र करने या जंगली पदार्थ एकत्र करने आदि कार्यों के बारे में भी की जानी है ।

जैसा कि पहले भी बताया गया है कि देश के कुछ भागों में 'बैठक' होती है जिसका उपयोग परिवार के सदस्यों द्वारा केवल सोने या बैठने के लिए किया जाता है परन्तु उन्हें कभी-कभी पृथक जनगणना मकान माना जाता है । यदि ऐसे जनगणना मकान में कोई उद्यम नहीं चलाया जाता है तो 'बैठक' का विवरण उद्यम सूची में दर्ज नहीं करना है । इसी प्रकार के अन्य उदाहरण जहां जनगणना मकान को उद्यम नहीं माना जाएगा, वे हैं गैरेज, पशुशेड आदि बशर्ते कि उनका उपयोग किसी आर्थिक कार्यकलाप के लिए नहीं किया जाता है ।

70. यदि किसी उद्यम का कार्य एक से अधिक पास-पास के जनगणना मकानों में फैला हुआ हो तो उसे एक ही उद्यम माना जाए और उन ऐसे सभी जनगणना मकानों को कालम 7 में लिखने के बाद उनके सामने ब्रेकेट लगा दिया जाए ताकि यह पता चल सके कि ये सभी एक ही उद्यम से सम्बद्ध है । परन्तु यदि किसी ऐसे उद्यम के विभिन्न कार्यकलाप अलग-अलग जनगणना मकानों में चल रहे हों जो एक दूसरे से दूर हों तो प्रत्येक ऐसे जनगणना मकान में चल रहे कार्यकलाप को अलग-अलग उद्यम माना जाएगा और उनका विवरण उसी लाइन में लिखा जाएगा जिसमें उस जनगणना मकान को दर्ज किया गया है ।

71. जनगणना मकान के उपयोग के बारे में पूछताछ भली प्रकार से करनी चाहिए जिससे कोई भी उद्यम छूट न जाए । विशेषकर उस मामले में इसका महत्व ज्यादा हो जाता है जहां मकान आंशिक तौर पर आवासीय हो । कृपया ध्यान रखें कि जिस जनगणना मकान की आप गणना कर रहे हैं उसी के अन्दर चलाये जाने वाले उद्यम को ही खाना नं० 7 में दर्ज करना है।

72. ध्यान रखें कि यदि जनगणना मकान का उपयोग केवल आवासीय है तो कालम 7 में केवल एक लाइन में प्रविष्टि होगी । यदि जनगणना मकान पूर्णतः या अंशतः गैर-आवासीय हो तो आप उसके उपयोगों को एक लाइन में पूरे तौर पर बताएं और बाद वाली लाइन/लाइनों में विभिन्न उपयोगों का विवरण अलग-अलग- लिखें । कृपया यह ध्यान दें कि प्रत्येक उद्यम के लिए कोष्ठक में उसकी क्रम संख्या लिखनी है जो आपके ब्लाक में प्रथम उद्यम से आरम्भ होगी । उदाहरण के लिए, एक ऐसा जनगणना मकान है जिसमें दुकान और क्लिनिक दोनों हैं और वह आवासीय मकान भी है, कालम 1 से आरम्भ होने वाली प्रविष्टियां नीचे दिखाई गई हैं :

लाइन नम्बर (कालम 1)	भवन नं० (नगरपालिका या स्थानीय प्राधिकारी या जनगणना द्वारा दिया गया नम्बर) (कालम 2)	जनगणना मकान नम्बर (कालम 3)	जनगणना मकान किस उपयोग में आता है (यदि पूर्णतः या अंशतः एक या अनेक उद्यमों के लिए उपयोग में लाया जाता है तो उद्यम सूची भरें) (कालम 7)
1	2	3	4
10	430	430(1)	निवास-सह-दुकान-सह क्लिनिक
11	–	–	दुकान (6)
12	–	–	क्लिनिक (7)
13	–	430(2)	बेकरी-सह-आटा मिल
14	–	–	बेकरी (8)
15	–	–	आटा मिल (9)

73. आप देखेंगे कि जनगणना मकान के गैर-आवासीय उपयोगों को अलग-अलग लाइनों में दर्ज किया गया है । इस उदाहरण में 'दुकान' और 'क्लिनिक' के सामने लिखे गये नम्बर आपके ब्लाक के उद्यमों के नम्बरों की क्रम संख्या में होंगे । उदाहरण के लिए, यदि जनगणना मकान में केवल एक क्लिनिक या वर्कशाप है तो आपको केवल एक लाइन का उपयोग करना है । ऐसे मामलों में जहां किसी जनगणना मकान में अनेक उद्यम पूर्णतः या अंशतः गैर-आवासीय स्थिति में चलाए जा रहे हैं तब आप एक से अधिक लाइनों का प्रयोग करें जैसा कि उदाहरण में बताया गया है । इस पुस्तक के अन्त में अनुलग्नक "छ" में ऐसी प्रविष्टियों के कुछ और उदाहरण दिए गए हैं ।

कालम 8 : परिवार नम्बर

74. जैसा कि पहले स्पष्ट किया जा चुका है ; परिवार ऐसे व्यक्तियों के समूह को कहते हैं जो सामान्यतः एक साथ रहते हों और यदि काम की आवश्यकता उन्हें मजबूर न करे तो एक ही रसोई से खाना खाते हों । परिवार ऐसे व्यक्तियों का हो सकता है जिनका आपस में रक्त संबंध हो अथवा ऐसा संबंध नहीं हो या उसमें दोनों प्रकार के व्यक्ति हों । असंबंधित व्यक्तियों के परिवार के उदाहरण हैं, बोर्डिंग हाउस, मैस, होस्टल, आवासीय होटल, उद्धार गृह, जेल, आश्रम आदि । इन्हें 'संस्थागत परिवार' कहा जाता है । परिवार एक व्यक्ति का, दो व्यक्तियों का और अनेक व्यक्तियों का भी हो सकता है । जनगणना प्रयोजनों के लिए इस प्रकार प्रत्येक को 'परिवार' समझा जाएगा । रसोइया या नौकर जो अपने मालकि के घर में रहता है और उसी परिवार में खाना खाता है वह उस परिवार का सदस्य माना जाएगा ।

rearing of cattle or production of milk will be an enterprise. In such a case and in similar other cases, care should be taken to be sure that this activity can be classified as an enterprise. For example if the milk produced is for self consumption and is not *usually sold as a regular practice,* then this activity will not be treated as an enterprise. Occassional sale of milk where a person keeps cattle will not be an enterprise since he keeps cattle evidently for production of milk for self-consumption. The same approach should be adopted with regard to similar activities like rearing of pigs, hens, bees, gathering of wood or forest products, etc.

In some parts of the country as we have noticed earlier, there are 'baithaks' or 'sanghois' which sometimes have to be considered as separate census houses but which are only used by the household for sleeping or stitting, etc. No enterprise is carried on in such a census house and therefore, details of bathaks or sanghois need not be entered in the enterprise list. Similar examples where census houses will not be considered as having an enterprise would be a gar age cattle-shed etc., provided these are not used for any economic activity.

70. If the activity of an enterprise extends beyond the premises of a single census house to a group of contiguous houses, then the entire group of census houses could be regarded as a single enterprise and the census houses in which this enterprise is carried on should be bracketed together in column 7 to indicate that all these relate to a single enterprise. But if different activities of an enterprise are carried on in different census houses cut off from one another, then each such census house will have to be treated as a separate enterprise and details recorded in the line in which this census house is entered.

71. The use to which a census house is put should be enquired into thoroughly so that no enterprise is missed This is particularly important in cases where the house is partly residential. However, please note that only the enterprise carried on in the census house which you are enumerating will be noted in column 7.

72. You must note the way in which you will hve to indicate the purpose for which the census house is used in this column. If a census house is used only for residential purposes then only one line need be entered in this column. However if a census house is wholly or partly non-residential, you must enter the uses to which it is put in one line and then use the subsequent line or lines to describe the activity or activities which are carried on in this census house. Please note that the serial number of the enterprise will have to be noted within brackets against each such activity starting from the very first enterprise in your block. For example, if there is a census house in which a shop and a clinic are run in combination with residence, the entries beginning with column 1 would be as illustrated below :

Line No. (col. 1)	Building No. (municipal or local authority or census number) (col. 2)	Census house No. (col. 3)	Purpose for which census house is used (if wholly or partly used for running one or more enterprises, fill enterprise list) (Col. 7)
1	2	3	4
10	430	430(1)	Residence-cum-shop-cum-clinic
11	—	—	Shop (6)
12	—	—	Clinic (7)
13	—	430(2)	Bakery-cum-Flour Mill
14	—	—	Bakery (8)
15	—	—	Flour Mill (9)

73. You will notice that the non-residential uses of this particular house are entered in separate lines. The numbers shown against the 'shop' and 'clinic' in this example will be the serial number of the enterprise in your block. If for instance in the census house, only a clinic or a workshop was being run, then you would have obviously used only one line. It is in the cases where enterprises are run in combination with or without residence in a census house, that you would have to use more than one line as indicated in the example. You will find more examples illustrating how you should make entries in Annex-G at the end of this book.

Col. 8 : Household No.

74. A 'Houehold' is a group of persons who commonly live together and would take their meals from a common kitchen unless the exigencies of work prevented any of them from doing so. It may be made up of related or unrelated persons or of mixed type. A cook or a servant living in the house of his employer and taking his food there is part of that household. A hostel where a number of unrelatee persons live together is an institutional house hold provided it has a common kitchen. So also is a jail.

75. ध्यान रखें कि कालम 8 में परिवार का नम्बर तभी दिया जाएगा जब कालम 7 में जनगणना मकान पूर्णत: या अंशत: आवासीय दर्ज किया गया है। जहां जनगणना मकान पूर्णत: गैर-आवासीय है वहां कालम 8 में कोई प्रविष्टि नहीं होगी ।

76. यदि एक जनगणना मकान में एक ही परिवार रहता है तो परिवार का नम्बर वही होगा जो जनगणना मकान का है । दूसरी ओर यदि एक जनगणना मकान में कई परिवार रहते हैं तो उन्हें अलग-अलग नम्बर दिया जाए । यह जनगणना मकान के नम्बर के साथ 'क', 'ख', 'ग', आदि अक्षरों के प्रयोग से किया जायेगा । उदाहरण के लिए, यदि भवन नम्बर 2, जनगणना मकान भी है और उसमें तीन परिवार हैं तो परिवार नम्बर 2(क), 2(ख) और 2(ग) होंगे । यदि भवन नम्बर 4 में दो जनगणना मकान हैं तो मकानों को 4(1) और 4(2) के रूप में नम्बर दिया जाएगा। यदि इन मकानों में क्रमश: 3 और 2 परिवार हैं तो इन्हें क्रमश: ये नम्बर दिए जाएंगे 4(1)(क), 4(1)(ख), 4(1)(ग) और 4(2)क और 4(2)(ख) । तथापि यदि भवन नम्बर 3 में एक ही जनगणना मकान है और उसमें केवल एक ही परिवार है तो उस परिवार का नम्बर भी 3 ही दर्ज किया जाएगा ।

77. भवनों, जनगणना मकानों और परिवारों के नम्बर किस प्रकार आपस में संबंधित हैं, यह नीचे के उदाहरण से स्पष्ट हैं

विवरण	भवन नम्बर	जनगणना मकान नम्बर	परिवार नम्बर
1	2	3	4
1. एक जनगणना मकान और बिना परिवार वाला भवन नम्बर–9	9	9	–
2. एक जनगणना मकान और एक परिवार वाला भवन नम्बर–9	9	9	9
3. एक जनगणना मकान और दो परिवारों वाला भवन नम्बर–9	9	9	9(क) 9(ख)
4. दो जनगणना मकान और प्रत्येक में एक परिवार वाला भवन नम्बर–9	9	9(1) 9(2)	9(1) 9(2)
5. दो जनगणना मकान और एक में दो परिवार और दूसरे में तीन परिवार वाला भवन नम्बर–9	9 – – – –	9(1) – 9(2) – –	9(1)(क) 9(1)ख 9(2)(क) 9(2) (ख) 9(2) (ग)

78. ऐसे मामलों में जहां एक ही भवन में एक से अधिक जनगणना मकान हों, तब भवन का नम्बर प्रत्यक लाईन में नहीं दोहराया जाएगा । इसी प्रकार यदि किसी जनगणना मकान में एक से अधिक परिवार हों तब जनगणना मकान नम्बर कालम 3 में नहीं दौहराया जाएगा (कृपया ऊपर दिए गए उदाहरण को देखें) ।

कालम 9 : परिवार की क्रम संख्या

79. यदि जनगणना मकान पूर्णत: या अंशत: आवासीय है, आपने मकानसूची के कालम 8 में परिवार नम्बर नोट कर लिया होगा । यह परिवार नम्बर कालम 9 में क्रमवार संख्यांकित किया जाएगा जो प्रगणक ब्लाक में क्रम सं० "1" से आरम्भ होगा ।

कालम 10 से 12 : केवल परिवार के मुखिया के लिए लिखें

80. कालम 10 से 12 तक केवल परिवार के मुखिया के लिए भरे जाने हैं । आपको परिवार के मुखिया का नाम लिखना है। यह भी लिखना है कि वह स्त्री है या पुरुष । यदि यह अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का है तो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति लिखें । यदि वह अनुसूचित जाति का है तो उसका धर्म भी लिखें ।

कालम 10 : नाम

81. इस कालम में प्रत्येक परिवार के मुखिया का नाम लिखा जाना चाहिए । जनगणना के लिए मुखिया वह व्यक्ति है जिसे परिवार में ऐसी मान्यता मिली हो । सामान्यत: यह वह व्यक्ति होता है जो परिवार की देखभाल की मुख्य जिम्मेदारी उठाता है और परिवार की ओर से निर्णय लेता है। यह आवश्यक नहीं कि परिवार का मुखिया बुजुर्ग पुरुष हो बल्कि एक महिला या कम उम्र की स्त्री या पुरुष भी हो सकता है परन्तु इस बारे में आप किसी विवाद में न पड़े बल्कि परिवार के मुखिया के रूप में जिसे परिवार मान्यता प्रदान करे, उसका नाम दर्ज कर लें । परिवार के मान्यता प्राप्त मुखिया की अनुपस्थिति में मकानसूची बनाते समय परिवार के देखभाल की जिम्मेदारी जिस भी व्यक्ति पर हो उसे परिवार का मुखिया दर्ज करें ।

82. छात्रावास, मैस, चैमरीज, आदि जैसे संस्थागत परिवारों के विषय में (जहां परिवार के सदस्य एक दूसरे के रिश्तेदार न हों) उस संस्थान के मैनेजर या सुपरिन्टेंडेन्ट या उस व्यक्ति को जिस पर संस्थान को चलाने की जिम्मेदारी हो या जिसे संस्थान के सभी लोग सामान्यत: 'मुखिया' मानते हों मुखिया दर्ज किया जाए । होस्टल, जेल आदि कुछ संस्थागत परिवारों के लिए जहां पर उक्त संस्थान के मुखिया को होस्टल-वार्डन, जेलर आदि पदनामों से जाना जाता है, उसका पदनाम इस कालम में दर्ज करे ।

75. There can be a household No. in column 8 only if you have noted in column 7 that the census house is wholly or partly residential. There cannot be an entry in this column in a case where the census house is wholly non-residenial.

76. There may be more than one household in a census house. Each household should be given a separate number This can be done by using the alphabets (*a*), (*b*), (*c*) as suffixes to the census house No. For example, if buiiding No. 2 is a census house and has three households, the household numbers will be 2(*a*), 2(*b*) and 2(*c*). If building number 4 has two census houses, these houses will be numbered as (4)1 and (4)2. If within these houses there are respectively 3 and 2 households then they will be numbered as 4(1)(*a*), 4(1)(*b*), 4(1)(*c*) and 4(2)(*a*) and 4(2)(*b*) respectively. If, however, building No. 3 is a census house and has only one household the household No. to be entered in this column will be No. 3 only.

77. You will notice how the numbering of the buildings, census houses and the households are closely linked. This link is best illustrated by an example as follows :

Particulars	Building Number	Census house Number	Household Number
1	2	3	4
1. Building No. 9 having one census house and no household	9	9	..
2. Building No. 9 having one census house and one household	9	9	9
3. Building No. 9 having one census house and two households	9	9	9(*a*)
	..	..	9(*b*)
4. Building No. 9 having two census houses and one household each	9	9(1)	9(1)
	...	9(2)	9(2)
5. Building No. 9 having two census houses and two households in one and three in the other	9	9(1)	9(1)(a)
	..	—	9(1)(*b*)
	..	9(2)	9(2)(*a*)
	..	..	9(2)(*b*)
	..	..	9(2)(*c*)

78. In such a case where the same building contains more than one census house, the building number should not be repeated in the subsequent lines. If a census house contains more than one household, the census house number should not be repeated in the subsequent lines in column 3. (Please see example above).

Col. 9 : Serial number of the household

79. If the Census house is wholly or partly residential, the household number must have been noted by you in col. 8 of the Houselist. This household number will be serially numbered in col. 9 starting from '1' for the enumerator's block.

Cols. 10-12: For head of household only

80. Columns 10-12 are required to be filled in only in respect of the head of household. You have to write the name and sex of the head of household, whether he/she belongs to Scheduled Caste/Scheduled Tribe and religion in case belonging to Scheduled Caste under these columns.

Col. 10 : Name

81. The name of the head of each household should be written. The head of the household for census purposes is a person who is recognised as such in the household. He or she is generally the person who bears the chief responsibility for the management of the household and takes decisions on behalf of the household. The head of the household need not necessarily be the eldest male member, but may even be a female or a younger member of either sex. You need not enter into any long argument about it but record the name of the person who is recognised by the household as its head. In the case of an absentee *de jure* 'Head', the person on whom the responsibility of managing the affairs of the household falls at the time of houselisting, should be regarded as the Head.

82. In the case of institutions like boarding houses, messes, chummeries, which should be regarded as households of unrelated persons living together and which may be called institutional households, the Manager or Superintendent or the person who is administratively responsible or who by common consent is regarded as 'Head' should be recorded as the head of the household. In the case of certain institutional households, such as hostels, jails, etc., where the head of the institutional household, can be recognised by designation, such as, hostel warden, jailor, etc., you may enter this designation in this column.

83. संस्थागत परिवारों के बारे में इस कालम में मुखिया के नाम या पदनाम के बाद कोष्टकों में "सं" लिखें। जहां तक अन्य कालमों को भरने का प्रश्न है आपको यह ध्यान देना है कि संस्थागत परिवारों के मामले में कालम 11 से 14 नहीं भरे जाएंगे और इन कालमों में प्रत्येक संस्थागत परिवार के सामने (--) डैश दर्ज होगा। आपको 15 से 23 तक के कालम संस्थागत परिवारों सहित सभी परिवारों के बारे में भरने हैं।

कालम 11 पुरुष (1)/स्त्री (2)

84. यदि परिवार का मुखिया पुरुष है तो "1" और यदि स्त्री है तो "2" इस कालम में लिखें। हिजड़ों और खुसरों के लिए इस कालम में "1" लिखें।

कालम 12: अ०जा० (1) अ०ज०जा० (2) (यदि अ०जा० का है तो धर्म पता करें और कोड "1" के बाद हिन्दुओं के लिए "हि" और सिक्खों के लिए "सि" लिखें)

85. आपके सुपरवाईजर द्वारा आपको आपके राज्य की अनुसूचित जातियों (अ० जा०) और अनुसूचित जनजातियों अ० ज० जा० की सूची दी जाएगी। मकानसूची भरते समय आपको परिवार के मुखिया से पता करना है कि क्या वह अ० ज० या अ० जा० जा० का सदस्य है? यदि इसका उत्तर "हाँ" मिलता है तो जाति/जनजाति का नाम पता करें। यदि व्यक्ति द्वारा बताई गई जाति/जनजति का नाम आपकी सूची में है तो दिए गए खाने में अ० जा० के लिए "1" और अ० ज० जा० के लिए "2" दर्ज करें। यदि मुखिया अपनी जाति अ० जा० बताता है तो आपको मुखिया के धर्म की जांच करनी है। वह या तो हिन्दू धर्म का होना चाहिए या सिक्ख धर्म का क्योंकि अ० जा० के लोग इन दो धर्मों के अलावा अन्य किसी धर्म के नहीं हो सकते हैं। जो व्यक्ति हिन्दू या सिक्ख धर्म का नहीं है वह अ० जा० का सदस्य नहीं हो सकता है। अनुसूचित जनजाति का सदस्य किसी भी धर्म का हो सकता है।

85.1 यदि परिवार का मुखिया अनुसूचित जाति का है तो चाहे वह हिन्दू हो या सिक्ख आपने इस कालम में कोड "1" के सामने कोष्ठकों के भीतर "हि" या "सि" दर्ज करना है। यदि इस कालम में 1 (हि) दर्ज है तो इसका मतलब है कि मुखिया अनुसूचित जाति का हिन्दू है। इसी प्रकार, प्रविष्टि 1 (सि) का अभिप्राय है कि परिवार का मुखिया अनुसूचित जाति का सिक्ख है। संस्थागत और गैर अ० जा०/अ० ज० जा० वाले परिवार के मुखियों के लिए आपने इस कालम में डैश (--) लगाना है।

कालम 13: क्या परिवार अपने मकान में रहता है या किराए के? अपने मकान के लिए 1, किराए के लिए 2 और अन्य के लिए 3 लिखें

86. यदि परिवार किसी ऐसे जनगणना मकान में रहता है जो उसका अपना है और जिसके लिए वह किसी भी अन्य व्यक्ति को कोई किराया नहीं देता है तो यह माना जाए कि परिवार अपने मकान में रहता है। इसे दर्ज करने के लिए प्रश्न के सामने दिए गए खाने में "1" दर्ज करें। यदि कोई परिवार किसी फ्लैट या मकान में "स्वामित्व" के आधार पर रहता है और उस फ्लैट या मकान को कीमत किश्तों में भुगतान कर रहा है और अभी तक पूरी किश्तों का भुगतान नहीं किया है तो उसे भी अपने मकान में रहने वाला माना जाए।

86.1. यदि कोई परिवार किसी मकान में किराए पर रह रहा है या किसी ऐसे मकान में रहता हो जो उसका अपना नहीं है तो इस खाने में "2" लिखें। मकान किराये पर तभी हो सकता है जब उसमें रहने वाला (किराए दार) नकद या किसी अन्य रूप में किराया देता हो या उसके भुगतान के लिए कोई करार किया हो। ऐसा भी हो सकता है कि कोई मकान मालिक, किसी परिवार को बिना किराया दिए मकान में रहने की अनुमति देता है, ऐसे मामलों में भी परिवार को किराए के मकान में रहने वाला ही माना जाए। उदाहरण के लिए, सरकारी संस्थानों या कम्पनियों आदि के द्वारा अपने कर्मचारियों को "बिना किराए के" दिए गए मकान। ऐसी स्थिति में इस खाने में "2" दर्ज करना है। संस्थागत और बेघर परिवारों के लिए इस खाने में डैश (—) का चिन्ह लगाएं।

86.2. यदि परिवार ऐसे मकान में रहता है जो न तो उसका अपना है और न किराए का है, ऐसी स्थिति में इस कालम में "3" लिखें।

कालम 14: परिवार के पास रहने के कमरों की संख्या

87. सामान्यतः एक कमरे की चार दीवारें, दरवाजा और एक छत होनी चाहिए और वह एक व्यक्ति के सोने के लिए पर्याप्त लम्बा चौड़ा होना चाहिए, अर्थात् इसकी लम्बाई कम से कम 2 मीटर चौड़ाई कम से कम $1\frac{1}{2}$ मीटर तथा ऊंचाई 2 मीटर होनी चाहिए। खुला बरामदा, रसोई, स्टोर, गैरेज, पशु बांधने का स्थान, स्नानगृह तथा शौचालय और ऐसे कमरे जिनमें घरेलू उद्योग जैसे कि हथकरघा स्थापित है और जो सामान्यतः रहने और सोने के प्रयोग में नहीं लाए जाते हैं तो वह "रहने के कमरों" की परिभाषा में सम्मिलित नहीं किए जाते हैं। परन्तु यदि किसी कमरे को सोने, बैठने, खाना-खाने, सामान रखने और खाना पकाने आदि के मिले-जुले उपयोग में लाया जाता हो, तो उसे 'रहने का कमरा' माना जाए।

87.1. कहीं-कहीं शंक्वाकार (conical) तम्बू या झोपड़ी में भी मनुष्य रहते हैं। इस प्रकार के काम चलाऊ आवास के कमरे में चार दीवारें नहीं होंगी। अतः उक्त परिभाषा इस प्रकार के आवास के लिए पूर्णतः लागू नहीं होगी। ऐसी स्थिति में तम्बू या शंक्वाकार झोंपड़ी इत्यादि को कमरा ही समझा जाए।

87.2. देश के कुछ भागों में विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में एक परिवार के पास कई झोपड़ियां हो सकती हैं जो विभिन्न उपयोगों में लाई जाती हैं जैसे मुख्य आवास, बैठक, रसोई, भण्डार और रात में सोने के लिए आदि। हालांकि यह अलग-अलग संरचनाएं हैं परन्तु उपयोग के एकत्व को ध्यान में रखकर इन सभी को एक जनगणना मकान माना गया होगा। ऐसी जनगणना मकान में मुख्य आवास के अतिरिक्त जिन झोपड़ियों का उपयोग सोने के लिए किया जाता है, उन्हें भी रहने के कमरों में गिना जाए।

83. In the case of institutional households, please write "1" within brackets after the name or designation of the head in this column. Regarding filling up of further columns, please note that in the case of Institutional household columns 11 to 14 will not be filled in and a dash (—) will be put against each Institutional households in these columns. The remaining columns 15 t o 23 are applicable to all households including institutional households.

11 Male (1)/Female (2)

Col. If the head of the households is a male write '1' and if female write '2' in this column. For eunuchs and hermaphrodities, you to write '1' in the column 1.

Col. 12 : SC (1)/ST(2) (if SC, ascertain religion and write 'H' for Hindus and 'S' for Sikhs within brackets after Code 1)

85. You will be supplied with a list of Scheduled Castes (S.C.) and Scheduled Tribes (S.T.) in relation to your State/Union Territory by your supervisors. While filling this column of the Houselist, you will have to ascertain from the head of household whether he/she is a member of a Scheduled Caste or a Scheduled Tribe. If in reply to this question, the answer is in the affirmative, ascertain the name of caste/tribe. If the name of caste/tribe returned by the person appears in the list, you have to write '1' in case of Scheduled Caste or '2' in case of Scheduled Tribe in this column. If the head of household returns himself/herself as Scheduled Caste, you have to check his/her religion. He or she should belong to Hinduism or Sikhism. A person belonging to a Scheduled Caste cannot belong to any other religion. Persons who belong to a religion other than Hinduism and Sikhism will not be treated as members of any of the Scheduled Castes. But a member of a Scheduled Tribe may belong to any religion.

85.1 If the head of household belongs to Scheduled Caste, you have to write 'H' or 'S' within brackets after code '1' in this column depending on whether he/she belongs to Hinduism or Sikhism. The entry 1 (H) in this column mean that the head of the household is a Scheduled Caste and belongs to Hinduism. Likewise, the entry 1(S) will mean that the head of household is a Scheduled Caste and belongs to Sikhism. In case of Institutional and non-SC/ST head of households, you have to put dash(—) in this column.

Col. 13 : Does the household live in owned or rented house ? Write 1 for owned, 2 for rented and 3 for others

86. If a household is occupying a census house owned by itself and is not paying anything to anybody in the form of rent, then the household may be considered as living in owned house. This should be recorded by putting '1' in the column provided for this question. A household living in a flat or a house taken on 'ownership' basis on payment of instalments, should be regarded as living in its own house, notwithstanding the fact that all instalments have not been paid.

86.1 If the household lives in a rented house write '2' in the column. A housing unit is rented if rent is paid or contracted for, by the occupants in cash or in kind. Where an owner permits a household to live in a house, rent free, even then the household should be treated as living in a rented house, as for example, rent free accommodation provided to employees by Government, Institutions, Companies, etc. in such cases, you should write '2' in the column. For institutional households, put a dash (—) in the column.

86.2 If the household lives in a house which is neither owned nor rented, code '3' may be written in the column.

Col. 14 : Number of living rooms in occupation of household

87. A room should have four walls with a doorway with roof over head and should be wide and long enough for a person to sleep in *i.e.*, it should have a length of not less than 2 metres and breadth of atleast 1½ metres and 2 metres in height. A room, however, which is used in common for sleeping sitting, dining, storing and cooking, etc., should be regarded as a room. An unenclosed verandah, kitchen, store, garage cattleshed, bathroom and latrine and rooms in which a household industry such as a handloom is located, which are not normally usable for living or sleeping are excluded from the definition of a living room for the purpose of this question.

87.1 One is likely to come across conical shaped hut or tent in which human beings reside. In such improvised accommodation, there will be no four walls to a room and therefore, the above definition would not stricly apply to such types of accommodation. In such cases, the tent or conical hut, etc., may by itself be construed to be a room.

87.2 In certain parts of the country, particularly in rural areas, the pattern of housing may present some problems. For example, a household may be in occupation of several huts put to different uses such as main residence, sitting room, store and even for sleeping at night. By strict application of the definition each one will be reckoned as a census house, but this does not reflect the real situation. While huts used as store or cattleshed pose no problems, those, used as sleeping rooms beyond the main residence, should be counted as rooms rather than separate census houses.

87.3. यदि गैरेज का उपयोग नौकर द्वारा किया जाता है और वह उसमें एक अलग परिवार की तरह रहता है तब उसकी गणना नौकर के परिवार के लिए उपलब्ध कमरे के रूप में की जाए । यदि नौकर को मालिक के परिवार का सदस्य माना जाता है तब गैरेज को परिवार के पास उपलब्ध एक अतिरिक्त रहने के कमरे के रूप में गिना जाए ।

87.4. यदि किसी कमरे में एक से अधिक परिवार रहते हों तो उस कमरे को उनमें से किसी भी परिवार का नहीं माना जाएगा । दूसरे शब्दों में एक परिवार के पास उपलब्ध कमरे को रहने का कमरा तभी गिना जाएगा जब वह केवल उसके ही कब्जे में हो । उदाहरण के लिए, यदि किसी कमरे में दो परिवार रहते हों तो प्रत्येक परिवार की मकानसूची में दिए गए खाने में "0" लिखें । यदि दो परिवारों में से प्रत्येक के पास रहने के लिए एक-एक कमरा है और उसके अलावा एक साझें का भी कमरा है तो उस साझे के कमरे की गणना किसी भी परिवार में नहीं की जाएगी। यह प्रश्न संस्थागत और बेघर परिवारों पर लागू नहीं होता है । ऐसे परिवारों के लिए खाने में डैश (—) का निशान लगाएं ।

कालम 15–18 : परिवार को उपलब्ध सुविधाएं

88. यह प्रश्न तीन भागों में बांटा गया है अर्थात् पीने के पानी की आपूर्ति, बिजली और शौचालय की सुविधाएं । यह प्रश्न संस्थागत परिवारों पर भी लागू होता है ।

कालम 15–16 : पीने के पानी की आपूर्ति

89. पीने के पानी की आपूर्ति के इस प्रश्न को दो उपभागों में बांटा गया है । पहला उप भाग पीने के पानी के स्रोत से संबंधित है । मकानसूची के नीचे पीने के पानी की आपूर्ति के 6 स्रोत दिए गए हैं और प्रत्येक के लिए अंतर्राष्ट्रीय अंकों में कोड भी दिए गए हैं । आपको कालम 15 में समुचित कोड दर्ज करना है ।

89.1. यदि वर्ष में कोई परिवार पीने का पानी दो या दो से अधिक स्रोतों से लेता है तो वर्ष के अधिकांश भाग में जिस स्रोत से पानी लिया जाता है उसे लिखें । इसके बाद प्रश्न के दूसरे भाग का उत्तर भरें, अर्थात् क्या पीने के पानी की सुविधा अहाते में उपलब्ध है या अहाते के बाहर । यदि पीने का पानी अहाते में ही उपलब्ध है तो कालम 16 में "1" लिखें । यदि पीने के पानी की सुविधा अहाते में उपलब्ध नहीं है तो कालम 16 में "2" लिखें ।

89.2. पीने के पानी का स्रोत मकान के अहाते में है या नहीं, यह निश्चित करने में आपको कुछ कठिनाई हो सकती है । यदि कुआं, हैंड-पम्प या नलकूप मकान में ही है या मकान के अहाते में कहीं भी स्थित हो तो स्रोत को मकान के अहाते में माना जाएगा । यदि मकान का आंगन किसी नदी या नहर पर खुलता हो और उससे पीने का पानी लिया जाता हो तो ऐसी सुविधा को भी मकान के अहाते के अन्दर माना जाएगा । अन्यथा इसे अहाते में नहीं माना जाएगा ।

कालम 17 : बिजली

90. यदि परिवार को बिजली की सुविधा उपलब्ध है तो दिए गए खाने में "1" लिखें । यदि बिजली उपलब्ध नहीं है तो दिए गए खाने में "2" दर्ज करें । इस बात पर ध्यान दिया जाए कि यहां अभिप्राय परिवार में बिजली की उपलब्धता से है न कि परिवार में बिजली के उपयोग से हो सकता है कि आपके जाने के समय परिवार बिजली का उपयोग न कर रहा हो, परन्तु पता यह लगाना है कि मकान में बिजली उपलब्ध है या नहीं ।

कालम 18 : शौचालय

91. यदि परिवार को अहाते में शौचालय सुविधाएं उपलब्ध है तो दिए गए खाने में "1" लिखें अन्यथा खाने में "2" लिखें ।

91.1. डिजाइन या संरचना के कुछ भवन ऐसे हो सकते हैं जिनमें शौचालय संलग्न नहीं हो । परन्तु यह सुविधा उस भवन की प्रत्येक मंजिल या उसके कम्पाउंड पर कुछ दूरी पर हो सकती है । यह शौचालय संलग्न शौचालय के स्थान पर है । यदि किसी परिवार में इस प्रकार की सुविधा उपलब्ध है तो यह माना जाएगा कि उस भवन के अहाते में ही यह सुविधा है और ऐसे परिवार के लिए कोड "1" दर्ज किया जाएगा ।

कालम 19 : खाना बनाने के लिए उपयोग में लाए जाने वाले ईंधन

92. मकानसूची के नीचे अंकों में दिए गए कोड नम्बरों सहित खाना बनाने के लिए उपयोग में लाए जाने वाले 9 प्रकार के ईंधन दर्ज हैं । आपको यह पता करना है कि खाना बनाने के लिए अधिकांशत किस प्रकार के ईंधन को उपयोग में लाया जाता है और इस कालम में समुचित कोड नम्बर दर्ज करना है । यदि किसी परिवार में खाना बनाने के लिए एक से अधिक प्रकार के ईंधन को उपयोग में लाया जाता है तो आपको उपयोग में लाए जाने वाले मुख्य ईंधन को ही दर्ज करना है । यदि कोई परिवार खाना नहीं बनाता है तो इस कालम में आपको डेश (—) दर्ज करना है ।

कालम 20 : क्या परिवार या परिवार का एक या अनेक सदस्य जनगणना मकान के बाहर और खुले में एक या अनेक उद्यम चला रहा है ? यदि हां, तो उद्यम सूची भरें ।

93. आपको याद होगा कि उद्यम की परिभाषा में यह बताया गया है कि उद्यम जनगणना मकान के बाहर और खुले में चलाया जा सकता है । (कृपया पैरा 63 देखें) इस कालम से इस प्रकार के उद्यमों का पता चलेगा ।

87.3. If a garage is used by a servant and he lives in it as a separate household, it should be reckoned as a room available to the servant's household. If the servant is considered as a member of the household then the garage room should be reckoned as an additional room of the household. Write the number of rooms available to household in the column provided.

87.4. A living room which is shared by more than one household will not be counted for any of them. In other words, only living room exclusively in possession of the household will be counted. For example, if two households share a single living room and therefore neither has a living room exclusively, enter 'O" in the column in the houselist of each of the households. If two households have a living room each but in addition also share a common living room, then common room will not be counted for either of the households. This question is not applicble to institutional households. In the case of such households put a dash (—) in the column.

Cols. 15-18 : Facilities available to the household

88. This is divided into three parts, i.e., drinking water supply, electricity and toilet. This is applicable to institutional households also.

89. Cols. 15-17 : Drinking water supply

This question relating to drinking water supply has been divided into two sub-parts. The first sub-part deals with the source of drinking water supply. Six sources of drinking water supply have been given at the bottom of houselist alongwith international numerical code against each. You have to enter the appropriate numerical code in column 15.

89.1. If a household gets drinking water from two or more sources throughout the year, the source availed of during the greater part of the year should be recorded. After recording the numerical code in the column proceed further for recording the answer of the sub-part of the same question, namely, whether the drinking water supply is within the premises, or out side premises. If the water supply is available within the premises, write '1' in column 16. If the water supply is not available within the premises, write '2' in column 16.

89.2. You may have a problem in determining whether water supply is available within the premises or not. Local conditions vary tremendously in this country. We may have a well, a hand-pump or tube-well within the house or even the backyard of the house opening to a river or canal. In all such cases, if within the house site the source of water is located, we may take it that drinking water supply is available within the premises. Oherwise it is not available within the premises.

90. Co. 17 : Electricity

If electricity is available to the household, enter '1' in the column; if it is not availale record '2' in the column. It should be noted that we are concerned with the availability of electricity to the household as distinct from actual use of electricity by the household. The household may or may not be using electricity at the time of the visit but the fact that it is available is what we are interested in.

Col. 18 : Toilet

91. If toilet facilities are available to the household within the premises of the house, write '1' in the column otherwise record '2'.

91.1. There are, however, some buildings, which by design or structure may not have attached latrines but may have this facility at a little distance away within the same floor or compound of the building. These latrines substitute the attached latrines. A household having such facility will also be treated as having such facility within the premises and code '1' should be recorded for such households.

Col. 19 Type of fuel used for cooking

92. Nine types of fuel used for cooking alongwith their numerical codes have been given at the bottom of the houselist. You have to ascertain from the household the type of fuel used mostly for cooking and write an appropriate code in this column. If the household is using more than one fuel for cooking, the predominant fuel used for cooking may be recorded. Dash (—) will be entered in this column in case the household does not do any cooking.

Col. 20 : Is the Household or one or more members of the household engaged in one or more enterprises outside this census house and without premises or in the open air ? If yes, fill Enterprise List.

93. You will recall that in the defiination of an enterprise, it has been mentioned that an enterprise can be carried on outside the census house and without premises or in the open air (please see para 63). This column is meant to identify such enterprises.

94. कई बार ऐसी भी स्थिति हो सकती है जब परिवार किसी जनगणना मकान में रह रहा हो और ऐसे उद्यम में लगा हो जो इस मकान के बाहर स्थित है और यह उद्यम किसी अन्य मकान में भी नहीं चलाया जा रहा । यह कालम ऐसी ही स्थितियों के लिये है । यह ध्यान रखें कि यदि कोई परिवार एक जनगणना मकान में रहता है और किसी अन्य जनगणना मकान में कोई उद्यम चला रहा है और यदि वह दूसरा मकान भी आपके ब्लाक में ही है तो जिस जनगणना मकान में उद्यम चलाया जा रहा है तो उसे कालम 7 में दर्ज किया जाएगा । यदि उक्त मकान जिसमें उद्यम चलाया जा रहा आपके ब्लाक में नहीं आता है तो जिस प्रगणक के ब्लाक में यह मकान आता है वह इसे कालम 7 में ही दर्ज करेगा । कालम 20 में हमारा प्रयास केवल उन उद्यमों को दर्ज करने का है जो जनगणना मकान के बाहर और खुले में चलाए जा रहे हैं । इसके उदाहरण, ईंटे बनाना, मिट्टी के बर्तन बनाना, खुले मैदान में रस्सी बनाना, साइकिल की मरम्मत करना, पटरी पर बैठकर जूते मरम्मत करना, फेरी लगाना, मछली पकड़ना, समाचार पत्र बेचना आदि हैं ।

95. उन परिवारों के लिये जो जनगणना मकान में रहते हैं और कोई उद्यम मकान के बाहर चलाते हैं तो इस कालम में "हां" लिख कर उद्यम की उपयुक्त क्रम संख्या ब्रैकेट में लिखें । आपके ब्लाक में उद्यमों की संख्या इस कालम में क्रमवार होगी । इस प्रकार के उद्यमों के ब्यौरे उद्यम सूची में दर्ज करने होंगे ।

96. जहां कोई परिवार अपने रहने के जनगणना मकान के बाहर और खुले में एक से अधिक उद्यम चला रहा है तो इस प्रकार के सभी उद्यमों को अलग-अलग लिखना अवश्यक है । इसके लिए आपको प्रत्येक उद्यम को एक अलग लाईन में लिखना होगा कृपया नोट करें कि ऐसे मामलों में आपको लाइन नम्बर भी देना होगा, क्यों कि आप एक अतिरिक्त लाइन का प्रयोग करेंगे लेकिन उसमें भवन नम्बर, जनगणना मकान नम्बर, जनगणना मकान का उपयोग किस उद्देश्य के लिए किया जाता है, परिवार, नम्बर, मुखिया का नाम और कालम 11-19 तक कोई प्रविष्टियां नहीं होगी । ऐसे मामलों में कालम 1 में लाइन नम्बर दिया जाए और कालम 20 में आवश्यक प्रविष्टि की जाए । कृपया इस प्रकार की अन्य प्रविष्टियों के लिए अन्य कालमों में डैश (—) लगाएं । दूसरे शब्दों में भवन नम्बर, जनगणना मकान नम्बर आदि प्रविष्टयां नहीं दोहराई जाएंगी ।

97. उद्यम जब जनगणना मकान के अंदर (अर्थात् कालम 7) और जब जनगणना मकान के बाहर और खुले में (अर्थात् कालम 20) चलाये जा रहे हैं इन दोनों के लिए प्रविष्टियां किस प्रकार भरी जायं उनके कुछ नमूने नीचे के उदाहरणों में दर्शाये गये हैं ।

लाइन नम्बर	भवन नं० (नगरपालिका या स्थानीय प्राधिकारी या जनगणना द्वारा दिया गया नम्बर)	जनगणना मकान नम्बर	जनगणना मकान किस उपयोग में आता है (यदि पूर्णतः या अंशतः एक या अनेक उद्यमों के लिए उपयोग में लाया जाता है, उद्यम सूची भरें)	परिवार नम्बर	परिवार के मुखिया का नाम	क्या परिवार या परिवार का एक या अनेक सदस्य जनगणना मकान के बाहर और खुले में एक या अनेक उद्यम चला रहा है? यदि हां, तो उद्यम सूची भरें
(कालम 1)	(कालम 2)	(कालम 3)	(कालम 7)	(कालम 8)	(कालम 10)	(कालम 20)
1	2	3	4	5	6	7
1	434	434	मंदिर-सह-आवास	434	नारायण शर्मा	–
2	–	–	मंदिर (1)	–	–	–
3	435	435(1)	स्कूल-सह-आवास	435(1)	देवदास	–
4	–	–	स्कूल (2)	–	–	–
5	–	–	कैन्टीन (3)	–	–	–
6	–	435(2)	आवास	435(2)	रामनाथ व्यास	हां(1)
7	436	436	सिनेमा घर (4)	–	–	–
8	437	437	आवास-सह-क्लिनिक	437	डा० विमला वर्मा	–
9	–	–	डाक्टर-क्लिनिक (एलोपैथिक) (5)	–	–	–
10	438	438(1)	दुकान-सह-वर्कशाप-सह-आवास	438(1)	राजन	–
11	–	–	वर्कशाप (6)	–	–	–
12	–	–	दुकान (7)	–	–	–
13	–	438(2)	आवास	438(2)	भोला राम	हां (2)
14	439	439(1)	आवास	439(1)	यादव	हां (3)
15	–	439(2)	धंगोई	–	–	–
16	440	440	आवास	440	केशव	हां (4)
17	–	–	–	–	–	हां (5)
18	441	441	बोर्डिंग हाउस	441	रामनाथ (स)	–
योग	XX	11	XXX	9	XXX	XX

